रोहतक
मंगलवार 28 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 83
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .50

**मौसम**
अधि. 44.4
न्यून. 20.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




सिंधु उठाएगी खिलाड़ियों के मसले बीडब्ल्यूएफ के लिए काम किया शुरू 7

विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र विपक्ष का वॉकआउट

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में सरकारी प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित, सीएम बोले-बाहर बयानबाजी, अंदर वॉकआउट, कांग्रेस का दोहरा रवैया उजागर : मुख्यमंत्री



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में सरकारी प्रस्ताव पेश किया। यह प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि कोई भी क्षेत्र या समाज तब तक पूर्ण रूप से विकसित नहीं माना जा सकता, जब तक उसकी आधी आबादी माताओं और बहनों को सम्मान, समान अवसर और अधिकार नहीं मिलते। इसलिए 'नारी सम्मान' भारत की चिर-नूतन सभ्यता और संस्कृति की अटूट पहचान भी है तथा विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प का मूल आधार भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु ठोस कदम उठाए हैं। वर्ष 2023 में संसद द्वारा पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह कानून संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है।

**महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर कांग्रेस ने फिर दिखाया असली चेहरा**

(संबंधित पैकेज पेज 2 पर)

## विपक्ष ने बाहर पैरलल सदन चलाया



कांग्रेस के पैरलल सदन में नेताओं ने पक्ष और विपक्ष की भूमिका निभाई। आदित्य सुरजेवाला महिला आरक्षण बिल बोलते दिखे। सत्तापक्ष की भूमिका निभा रहे बलवान दौलत पुरिया बीच में टोकने लगे, जिसके बाद आफताब अहमद खड़े हुए और विरोध जताया। इस पर हंगामा हो गया। इसके बाद जस्सी पेटवार द्वारा विधायक इंदुराज को भालू कहे जाने पर बलराम ढंगी ने आपत्ती जताई। अशोक अरोड़ा बोले कि भाषा मर्यादित रखनी चाहिए।

### प्रस्ताव सुधार का अवसर था : सीएम

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर कांग्रेस ने एक बार फिर अपना असली चेहरा उजागर किया है। उन्होंने कहा कि जब भी महिलाओं के अधिकारों की बात आती है, कांग्रेस महत्वपूर्ण समय पर पीछे हट जाती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में जो रवैया देखने को मिला, वही विधानसभा में भी दोहराया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज का यह प्रस्ताव सुधार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लाया गया था, ताकि यदि शीर्ष स्तर पर कोई चूक हुई है, तो उसे सुधारा जा सके।

### भूपेंद्र हुड्डा बोले- ऑल-पार्टी बैठक बुलाई जानी जरूरी थी

हुड्डा ने कहा कि महिला आरक्षण का जो बिल है, जब मैं 1996 में सांसद था, तब भी लाया गया था और उस समय हाउस डिजॉल्व (भंग) हो गया था। विपक्षियों ने पास नहीं होने दिया। अब 2023 में जब सब हो गया, फिर क्या जरूरत थी? अगर कोई अमेंडमेंट लाना था, तो उसमें पहले विपक्ष की सब ऑल-पार्टी मीटिंग बुलानी चाहिए थी, उससे सलाह करनी चाहिए थी क्योंकि टू-थर्ड मेजॉरिटी के बिना पास नहीं हो सकता था, इसलिए इसे डिले करने का और कोई मतलब नहीं है।

### ग्रुप-डी कर्मचारियों को 30% प्रमोशन कोटा मिलेगा

वहीं, सदन में हरियाणा क्लेरिकल सर्विसेज (भर्ती और सेवा की शर्तें) विधेयक, 2026 पेश किया गया है। सीएम ने सदन में इसका प्रस्ताव रखा। इस विधेयक के तहत क्लर्क के पद पर प्रमोशन का कोटा 20% से बढ़ाकर 30% किया गया है। यह 5 वर्ष से अधिक की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को लाभान्वित करेगा।

## ईरान ने पाकिस्तान को बताया अमेरिका का पिट्ठू, नया प्रस्ताव दिया

# नाकाबंदी हटाओ, होर्मुज खोल देंगे

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन डीसी/तेहरान

मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत में अभी तक कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई है। इसी बीच ईरान के एक नेता ने पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजई ने कहा कि पाकिस्तान दोस्त जरूर है, लेकिन वह बातचीत में बीच का सही पक्ष (मध्यस्थ) नहीं बन सकता। रेजई ने कहा कि पाकिस्तान अक्सर डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिका के हितों को ध्यान में रखता है और उनके खिलाफ कुछ नहीं कहता। इसलिए वह निष्पक्ष नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि एक सही मध्यस्थ वही होता है, जो दोनों पक्षों के बीच निष्पक्ष रहे, न कि हमेशा एक ही पक्ष की तरफ झुका रहे। वहीं, दूसरी ओर ईरान ने अमेरिका को नया प्रस्ताव दिया है। इसके अनुसार यदि दोबारा हमले न किए जाएं तो होर्मुज स्ट्रेट खोला जा सकता है। (पैकेज पेज-8 पर)

## रूसी राष्ट्रपति ईरानी विदेश मंत्री से मिले, बोले-तेहरान का साथ देंगे

*ईरानी सांसद रेजई बोले, पाक दोस्त जरूर लेकिन मध्यस्त नहीं बन सकता*

*वह हमेशा अमेरिका के पक्ष में झुका रहता है*



### पुतिन बोले, अपनी संप्रभुता के लिए लड़ रहा ईरान

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। बैठक में रूस ने ईरान के प्रति खुला समर्थन जताया। रूसी मीडिया के मुताबिक, पुतिन ने कहा कि ईरानी जनता साहस और वीरता के साथ अपनी आजादी और संप्रभुता के लिए लड़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई का संदेश मिला है। अराघची की यह यात्रा ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। ऐसे में ईरान रूस का समर्थन मजबूत करने में जुटा है।

### पहले समुद्री रास्ते खोलने का मुद्दा सुलझे

ईरान ने अमेरिका को नया प्रस्ताव दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक इसमें कहा गया है कि पहले युद्ध खत्म किया जाए और दोबारा हमला न करने की गारंटी मिले, तो होर्मुज स्ट्रेट दोबारा खोला जा सकता है। ईरान ने यह भी साफ किया है कि उसके परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत बाद में होगी। पहले युद्ध और समुद्री रास्ते का मुद्दा सुलझाया जाए। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह प्रस्ताव व्हाइट हाउस तक पहुंच चुका है। ट्रम्प सोमवार को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक करेंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा है कि यह संवेदनशील कूटनीतिक मामला है और अमेरिका मीडिया के जरिए बातचीत नहीं करेगा। प्रशासन ने दोहराया कि ऐसा कोई समझौता नहीं होगा जिससे ईरान परमाणु हथियार हासिल कर सके।

### ईरान के पास बहुत कम वक्त बचा : ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि उसके पास युद्ध खत्म करने के लिए सीजफायर पर सहमत होने के लिए सिर्फ तीन दिन हैं, नहीं तो उसकी तेल पाइपलाइन में ब्लास्ट हो जाएगा। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान तेल का निर्यात नहीं कर पाता, तो पाइपलाइन में दबाव बढ़ेगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि तेल को जहाजों या स्टोरेज टैंकों में भेजने का रास्ता बंद है और उस पर नाकेबंदी लगी हुई है। उन्होंने दावा किया कि जब तेल का बहाव अचानक रोकना पड़ता है, तो पाइपलाइन के अंदर दबाव बनता है और तकनीकी व प्राकृतिक कारणों से वह फट सकती है। ट्रम्प के मुताबिक, अगर ऐसा हुआ तो पाइपलाइन को पहले जैसी हालत में दोबारा बनाना लगभग नामुमकिन होगा और उसकी क्षमता भी काफी घट जाएगी।

## प्रदेश में मौसम ने ली करवट, पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

# भीषण गर्मी में राहत बनकर बरसी बूंदे बारिश-धूल भरी आंधी से गिरा पारा

- फरीदाबाद 44 डिग्री के साथ सबसे गर्म, रोहतक में 44 .2 डिग्री रहा पारा
- हिसार-महेंद्रगढ़ में बारिश, हांसी-रोहतक में चली धूल भरी आंधी

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

हरियाणा में भीषण गर्मी के बीच सोमवार शाम को मौसम ने करवट ली। नारनौल और हिसार में तेज आंधी के बाद बारिश हुई। महेंद्रगढ़ में भी तेज बारिश हुई। हांसी में धूल भरी आंधी चली। वहीं सिरसा में बादल छाए हुए हैं। रोहतक में तेज अंधड आया। देर रात चरखी दादरी, भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी के आसपास के क्षेत्रों में बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को फरीदाबाद सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रोहतक में अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री रहा, जबकि सबसे कम तापमान यमुनानगर के हथिनिकुंड बैराज में 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



### तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री ज्यादा

मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में हरियाणा के कुछ इलाकों में हीटवेव और गर्म रात जैसी स्थितियां दर्ज की गईं। औसत अधिकतम तापमान में 0.3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है और यह सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक बना हुआ है। राज्य में सबसे अधिक तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस फरीदाबाद के बोपानी में दर्ज किया गया।

### चार दिन बारिश आंधी के आसार

28 से 30 अप्रैल और 2 मई तक आंशिक बादल छाए रहने के साथ गरज-चमक और बारिश के आसार हैं, जबकि एक मई को केवल आंशिक बादल रहेंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

### झुलसाने वाली गर्मी से मिलेगी राहत

मौसम विभाग के अनुसार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मंगलवार को मौसम में बदलाव को देखने को मिल सकता है। आसमान में घने या आंशिक बादल छा सकते हैं। तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी भी हो सकती है। अगले तीन-चार दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इससे दो दिन बाद तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। इससे लोगों को झुलसाने वाली गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल सकेगी।

## खबर संक्षेप

### वंदे भारत का कोच पटरी से उतरा, यात्री सुरक्षित

**मुंबई।** मुंबई सीएसएमटी-सोलापुर वंदे भारत ट्रेन का एक कोच पुणे स्टेशन में एंट्री के दौरान पटरी से उतर गया। यह घटना शाम करीब 7:30 बजे डायमंड क्रॉसिंग पर हुई। रेलवे के मुताबिक, ट्रेन के चौथे कोच की एक ट्रॉली डिरेल हुई, लेकिन इस हादसे में कोई यात्री घायल नहीं हुआ और सभी सुरक्षित हैं। सेंट्रल रेलवे ने बताया कि यात्रियों को दूसरे रेक में शिफ्ट किया जा रहा है। पुणे स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का काम चल रहा है और डायमंड क्रॉसिंग का अपग्रेड इसी प्रक्रिया का हिस्सा है। *एजेंसी*

## केजरी का न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता को पत्र कहा-न्याय होता हुआ दिखना भी चाहिए

**नई दिल्ली (भाषा)।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा को पत्र लिखकर कहा है कि आबकारी मामले में न तो वह व्यक्तिगत रूप से और न ही वकील के मार्फत से उनके समक्ष पेश होंगे। पार्टी ने सोमवार को यह जानकारी दी। केजरीवाल ने चार पन्नों के इस पत्र में ''न्याय नहीं मिलने'' की ओर इशारा करते हुए कहा कि इस मामले को लेकर उनकी ''गंभीर'' चिंताएं हैं। बाद में केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक वीडियो संदेश पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई ''जीत या हार के बारे में नहीं है, बल्कि सही और गलत के बारे में है।'' उन्होंने यह भी कहा कि वह इस मामले में न्यायमूर्ति शर्मा द्वारा पूर्व में दिये गए आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाने की तैयारी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''लोग मुझसे पूछ सकते हैं कि यदि मैं मामले की सुनवाई से खुद को अलग नहीं करने संबंधी उनके आदेश से खुश नहीं हूं, तो मैं उच्चतम न्यायालय क्यों नहीं जाता? मैं उसके लिए तैयारी कर रहा हूं, यह बहुत संवेदनशील मामला है।''



मेरी लड़ाई जीत या हार के बारे में नहीं, बल्कि सही व गलत के बारे में

## केजरीवाल की पार्टी 3 पर सिमटी

### आप के 7 सांसदों को मिली भाजपा में विलय की मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सात बागी सांसदों के भाजपा में विलय को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद राज्यसभा में आप की संख्या घटकर 3 रह गई है, जबकि भाजपा सांसदों की संख्या 106 से बढ़कर 113 हो गई है। जो सात सांसद भाजपा में शामिल हुए हैं, उनमें राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप पाठक, विक्रमजीत साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता शामिल हैं। राज्यसभा की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी इन सांसदों को भाजपा के सदस्यों के रूप में दिखाया गया है।

**राज्यसभा में भाजपा सांसद 106 से बढ़कर 113 हुए**

## 6 ओवरों में सिर्फ 13 रन

### आईपीएल : दिल्ली ने पावरप्ले में बनाया सबसे छोटा स्कोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 का 39वां मुकाबला कई सारे शर्मनाक रिकॉर्ड का गवाह बना। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम आरसीबी के तेज गेंदबाजों के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। दिल्ली कैपिटल्स ने शुरुआती 6 ओवरों में सिर्फ 13 रन बनाए और उसके 6 बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। यह आईपीएल में किसी भी टीम का पावरप्ले में बनाया गया सबसे छोटा टोटल है। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के नाम यह शर्मनाक रिकॉर्ड था, जिसका आरसीबी के खिलाफ 2009 में पावरप्ले स्कोर 14/2 था। (संबंधित खबर पेज-7 पर)

**आरसीबी के गेंदबाजों के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखरी टीम**

## भिवानी के मिलकपुर में हादसा

### निजी बस में धमाके के बाद लगी आग, दो जिंदा जले

**हांसी/भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** भिवानी-हांसी रोड़ स्थित मिलकपुर गांव के सरकारी स्कूल के सामने सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे एक सहकारी समिति की बस में धमाके के बाद आग लग गई। हादसे में दो लोग जिंदा जल गए। बस में आग बहुत तेजी से फैली। दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद बस से दो शव बरामद हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस में चालक परिचालक 20-25 यात्री सवार थे और बस में धमाके व आग लगने से सभी यात्रियों में भगदड़ मच गई। बस में सवार अधिकांश सवारियों को चोटें आई हैं। आस-पास के लोगों ने सभी घायलों का बस से निकाल निजी वाहनों से उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया।



## चुनाव से पहले टीएमसी सांसद मिताली की कार पर ईंट-पत्थर व डंडों से हमला

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के हुगली में सोमवार को टीएमसी सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ। हमला उस वक्त हुआ, जब मिताली बाग गोगहाट से आरामबाग में अभिषेक बनर्जी के रोड शो में शामिल होने जा रही थीं। हमले में कार के शीशे टूट गए। सांसद और उनके ड्राइवर को चोट आई है। दोनों को आरामबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले के बाद कैमरे के सामने मिताली बाग फूट-फूटकर रो पड़ीं। उन्होंने कहा, 'मेरी गाड़ी की हालत देखिए। उन लोगों ने बड़े-बड़े पत्थर फेंके। मैं किसी तरह जान बचाकर निकली हूं।' टीएमसी का आरोप है कि भाजपा समर्थकों ने गोगहाट में सांसद की गाड़ी पर ईंट-पत्थर और लाठियों से हमला किया। टीएमसी ने अपने ट्वीट में कहा- गृह मंत्री अमित शाह ने धमकी दी थी कि जो भी घर से बाहर निकलेगा, उसे उल्टा लटका दिया जाएगा। (पैकेज पेज-5 पर)

- सांसद और ड्राइवर को चोट लगीं, अस्पताल में भर्ती



### मोदी बोले-ऐसा लगा जैसे तीर्थयात्रा पर हूं

बंगाल में दूसरे चरण में 142 विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए सोमवार को प्रचार थम गया। ममता ने भवानीपुर में रोड शो करके अपने चुनाव प्रचार का अंत किया। पीएम ने बंगाल की जनता को ओपन लेटर लिखा। प्रधानमंत्री मोदी ने लेटर में कहा- बंगाल में रैलियों और रोड शो के दौरान ऐसा लगा जैसे मैं किसी तीर्थयात्रा पर हूं। भीषण गर्मी के बावजूद थकान महसूस नहीं हुई और मां काली के भक्तों तथा लोगों के आशीर्वाद से ऊर्जा मिलती रही। दूसरी ओर कलकत्ता हाईकोर्ट ने भवानीपुर सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी।

## स्टिल्ट प्लस 4 मामला : शीर्ष कोर्ट ने सुनवाई करने से किया इनकार

### याचिकाकर्ता से कहा हाईकोर्ट में जाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुरुग्राम में चल रहे विध्वंस (तोड़फोड़) अभियान के खिलाफ दायर याचिका पर तुरंत राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे अपनी शिकायत लेकर पहले पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का रुख करें। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने मामले का निपटारा करते हुए यह भी कहा कि याचिकाकर्ता उसी दिन हाईकोर्ट में मामले का तत्काल उल्लेख कर सकते हैं।

# अनाधिकृत निर्माणों पर बुलडोजर एक्शन नहीं रुकेगा : सुप्रीम कोर्ट

*अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि हालात सुधारने के लिए कड़े और प्रभावी कदम उठाना समय की मांग है।*

### आदेश की गलत व्याख्या हो रही

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कोर्ट को बताया कि स्थानीय अधिकारी बिना कोई कारण बताओ नोटिस दिए ही मकानों को तोड़ने की कार्रवाई कर रहे हैं। उनका कहना था कि हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश की गलत व्याख्या करके यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि अधिकारियों द्वारा हाईकोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या की जा रही है, तो इस बारे में फैसला करने का अधिकार भी हाईकोर्ट के पास ही है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि अनाधिकृत निर्माण रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है, तो सुप्रीम कोर्ट को उसमें बाधा नहीं डालनी चाहिए।



### उधर, अवैध कब्जों पर हाईकोर्ट सख्त

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने गुरुग्राम में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान पर रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि नगर निकाय और राज्य सरकार कानून के दायरे में रहते हुए अवैध कब्जों और नगर निगम नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र हैं। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजय बेरी की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि सड़कों पर दोनों ओर कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी स्थिति में हस्तक्षेप करना संभव नहीं है क्योंकि यह सीधे तौर पर सार्वजनिक सुविधा और नगर नियोजन से जुड़ा मामला है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने शहरी अव्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि गुरुग्राम जैसे शहरों में हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोग पैदल चलने की जगह न मिलने के कारण अपने घर तक छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एचसीएस नीरज शर्मा को अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सोमवार को तुरंत प्रभाव से एचसीएस अधिकारी नीरज शर्मा को चिन्मय गर्ग के स्थान पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग में सचिव (कानूनी) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। नीरज शर्मा वर्तमान में उच्चतर शिक्षा विभाग में संयुक्त निदेशक (प्रशासन) तथा उप सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

### हथियार तस्कर गिरफ्तार चार कट्टे बरामद

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने व उपलब्ध कराने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 4 देसी कट्टे बरामद किए हैं। पुलिस ने आशु निवासी नेताजी कॉलोनी, गांव सीकरी को एक देसी कट्टे सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह यह कट्टा आकाश निवासी भगत सिंह कॉलोनी, गांव सीकरी से लेकर आया था। इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आकाश को भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं सूरज भी एक देसी कट्टे सहित काबू किया गया।

### रंजिश में तलवार से हमला, दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पंचशील कॉलोनी में 24 अप्रैल की रात तलवार से हमला करने के मामले में पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान सुनील और रामनिवास रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित अमन कुमार ने शिकायत दी कि रात करीब साढ़े दस बजे घर लौटते समय आरोपियों ने रास्ता रोककर मारपीट की। इस दौरान लक्की ने तलवार से हमला किया।

### बीबीए का छात्र निकला साइबर ठग, गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** बैंक कर्मचारी बनकर हजारों रुपये की ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शिवम तिवारी, निवासी कुशीनगर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है, जो बीबीए का छात्र है। पुलिस के अनुसार, 11 दिसंबर को पीड़ित को आईडीएफसी बैंक कर्मचारी बनकर कॉल आई। ठग ने क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर लिंक भेजा।

## विस सत्र के बाद मुख्यमंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस, विपक्ष को बताया लोकतंत्र विरोधी

# महिलाओं और कर्मचारियों के मुद्दों से भागी कांग्रेस, सदन का किया बहिष्कार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस वार्ता में विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने महिलाओं और कर्मचारियों के हित से जुड़े मुद्दों से बचने के लिए सदन का बहिष्कार किया। उन्होंने सत्र की कार्यवाही को पूरी तरह संवैधानिक और जनहित में बताते हुए विपक्ष के आरोपों को निराधार करार दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष सत्र कैबिनेट की मंजूरी और राज्यपाल की अनुमति से विधिवत बुलाया गया था। ऐसे में इसे असंवैधानिक बताना गलत है। आचार संहिता के दौरान सत्र बुलाने पर उठे सवालों पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पूर्णतः विधायी विषय है और इसमें कोई असंवैधानिकता नहीं है। उन्होंने बताया कि सत्र में हरियाणा लिपिकीय सेवा (भर्ती एवं सेवा की शर्तें) विधेयक, 2026 सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस विधेयक के तहत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष द्वारा लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव को सरकार ने स्वीकार किया, लेकिन विपक्ष सदन में ही उपस्थित नहीं हुआ। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर लाए गए प्रस्ताव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें निंदा जैसा कोई शब्द नहीं था, फिर भी विपक्ष ने बहिष्कार कर हताशा दिखाई।

■ प्रस्ताव में निंदा शब्द नहीं था, विपक्ष का सदन में न आना उनकी हताशा



### सदन का बहिष्कार करना हुड्डा का राजनीतिक स्टंट : नायब

मुख्यमंत्री ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा बिल की कॉपी उपलब्ध न होने का हवाला देकर बहिष्कार करना केवल राजनीतिक स्टंट था। उन्होंने बताया कि बिल से संबंधित जानकारी नेवा पोर्टल पर पहले से उपलब्ध थी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके विधायकों ने सदन से बाहर डुप्लीकेट सत्र चलाया, जो नियमों के खिलाफ और असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अनादर दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने परिसीमन प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए कहा कि 2026 में जनगणना और परिसीमन के बाद 2023 में लाए गए नारी शक्ति वंदन विधेयक के तहत 2029 से महिलाओं को आरक्षण का लाभ मिलना तय है।

### पंजाब की आप सरकार पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया कि उसने झूठे वादों के आधार पर पंजाब में सरकार बनाई और लोगों को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों को ही परेशान किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भविष्य में जब पंजाब में भाजपा की सरकार बनेगी, तब नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर समस्या को जड़ से खत्म किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें अराजकतावादी₹ और संवैधानिक संस्थाओं (न्यायालय) में अविश्वास रखने वाला बताया है। उन्होंने केजरीवाल पर हरियाणा की मिट्टी का अपमान करने और दिल्ली चुनाव में हार के बाद गलत बयानबाजी करने का आरोप लगाया। इस मौके पर सहकारिता मंत्री व अन्य मौजूद रहे7

## सत्र शुरू होते ही मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वंदन पर प्रस्ताव रखा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा का एक दिवसीय विशेष-सत्र सोमवार को बुलाया गया। जिसमें सरकार की ओर से सीएम नायब सिंह सैनी ने नारी शक्ति वंदन को लेकर सरकारी प्रस्ताव रखा। सदन में दिवंगतों के लिए शोक प्रस्ताव पढ़े गए और दो मिनट का मौन रखा गया। लेकिन मुख्य विपक्ष कांग्रेस की ओर से सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर विधानसभा के बाहर सामानतर सदन चलाकर भाजपा पर जमकर हमले बोले। अंदर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनके मंत्रिमंडल के साथियों ने केंद्र सरकार, पीएम मोदी की महिलाओं के लिए आरक्षण बिल लेकर आने का स्वागत किया और जमकर प्रशंसा की साथ ही कांग्रेस पर जमकर हमले बोले।


### जरनैल सिंह ने प्रस्ताव का स्वागत किया

कांग्रेस से निलंबित किए गए रतिया से विधायक सरदार जरनैल सिंह ने सत्तापक्ष की ओर से लाए गए प्रस्ताव का स्वागत किया। अहम बात यहां पर यह रही कि सुबह सवेरे (बीएसी) की बैठक में तो नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा शामिल हुए लेकिन बाद में कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया। शुरुआत में शोक प्रस्ताव पढ़े गए, सबसे पहले नेता सदन सीएम और उनके बाद में इनेलो के आदित्य देवीलाल, विस अध्यक्ष ने शोक प्रस्ताव पढ़े। बाद में दो मिनट का मौन भी रखा गया।सोमवार को बुलाए गए विशेष सत्र को लेकर नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने विधायकों के साथ में ऊपर मीडिया हाल में आकर प्रेस कांफ्रेंस की और सरकार पर आरोप लगाया कि वह छुपा एजेंडा आगे बढ़ा रही है।

## कांग्रेस के समानांतर सदन में हंगामा और शोरगुल

कांग्रेस के समानांतर सदन में भी हंगाामा शोरगुल हुआ। इस दौरान पक्ष और विपक्ष की भूमिका भी कांग्रेस के सदस्यों ने ही निभाई। इस दौरान हंगामा भी हुआ। आदित्य सुरजेवाला महिला आरक्षण बिल पर अपनी बात रखी और सत्तापक्ष की भूमिका निभा रहे बलवान दौलतपुरिया बीच में टोकाटाकी की। इस दौरान आफताब अहमद खड़े हुए और विरोध जताया और शोरगुल हंगामा होता रहा। इस दौरान जस्सी पेटवाड़ द्वारा विधायक इंदुराज को भालू कहा, तो सभी ने आपत्ति जाहिर की। अशोक अरोड़ा ने इस दौरान नसीहत दी और भाषा की मर्यादा बनाकर रखने की नसीहत दी। पेटवाड़ ने महिला आरक्षण को लेकर भाजपा पर हमले बोले इतना ही नहीं पेटवाड़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवार पर भी टिप्पणी की। हुड्डा ने कहा कि महिला आरक्षण का जो बिल है, जब मैं 1996 में सांसद था, तब भी लाया गया था और उस समय हाउस डिजॉल्व (भंग) हो गया था। विपक्षियों ने पास नहीं होने दिया। अब 2023 में जब सब हो गया, फिर क्या जरूरत थी, अगर कोई अमेंडमेंट लाना था, तो उसमें पहले विपक्ष की सब ऑल-पार्टी मीटिंग बुलानी चाहिए थी, उससे सलाह करनी चाहिए थी क्योंकि टू-थर्ड मेजॉरिटी के बिना पास नहीं हो सकता था, इसलिए इसे डिले करने का और कोई मतलब नहीं है।

## कांग्रेस विधायक टीए और डीए नहीं लेंगे : नेता प्रतिपक्ष



**चंडीगढ़।** कांग्रेस ने फैसला लेते हुए हरियाणा सरकार द्वारा बुलाए विधानसभा के विशेष सत्र का सुबह ही बहिष्कार करते हुए अंदर सदन के अंदर जाने से इनकार कर दिया। सदन के बाहर सामानतर विधानसभा की कार्यवाही अपने हिसाब से चलाई। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में हुई विधायक दल की बैठक में पार्टी ने यह फैसला लिया। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं का मजाक उड़ा रही है। महिला आरक्षण का मुद्दा केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का विषय है, राज्य सरकार का नहीं। इसलिए यह राज्य सरकार द्वारा यह सत्र बुलाना असंवैधानिक है और कांग्रेस विधायकों ने जनता की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग रोकने के लिए सत्र के दौरान विधायकों को मिलने वाले टीए और डीए लेने से भी इंकार कर दिया।

## भिवानी के सुई और पलवल के अमरपुर में खुलेगी पीएचसी

**चंडीगढ़।** सरकार ने दो नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) खोलने की मंजूरी दी है। इनमें एक पीएचसी भिवानी जिला के गांव सूई तथा दूसरी, पलवल जिला के गांव अमरपुर में खोली जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि भिवानी जिला के गांव सूई में खुलने वाली पीएचसी के निर्माण पर 466.35 लाख रुपए तथा पलवल जिला के गांव अमरपुर में खुलने वाली पीएचसी के निर्माण पर 439.33 लाख खर्च होंगे।आरती सिंह राव ने बताया कि उक्त स्वास्थ्य संस्थानों के शुरू होने से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि बड़े अस्पतालों पर भी दबाव कम होगा। इससे लोगों को समय पर इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

## पूर्व सीएम पर टिप्पणी अस्वीकार्य : राव नरेंद्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने भाजपा सांसद रेखा शर्मा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजनलाल एवं विधायक चंद्रमोहन के खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि ये बयान पूरी तरह शर्मनाक, अस्वीकार्य और प्रदेश की जनता का घोर अपमान है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान न केवल राजनीतिक मर्यादाओं को तार-तार करते हैं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक सभ्यता पर भी प्रश्नचिह्न लगाते हैं। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले व्यक्तियों से संयमित भाषा, शालीन व्यवहार और गरिमापूर्ण आचरण की अपेक्षा की जाती है। विशेष रूप से जब बात किसी दिवंगत जननेता की हो, जिन्होंने अपना पूरा जीवन जनता की सेवा, प्रदेश के विकास और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में समर्पित किया हो, तब इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

**नगर परिषद नारनौल**

आम सूचना

नगर परिषद नारनौल में शामिल किए गए गांवों (किरारोद अफगान, नसीबपुर, नूनी अव्वल, मीरपुर, कोजिन्दा) में स्थित नगर परिषद की कृषि योग्य भूमि को वर्ष 2026–27 के लिए फसल बोए जाने हेतु नियम व शर्तानुसार खुली बोली पर दिनांक 04.05.2026 को प्रातः 10.00 बजे से नगर परिषद नारनौल कार्यालय में पट्टे पर छोडी जानी है। इच्छुक बोली दाता दिनांक 04.05.2026 को सिक्योरिटी राशि 10000/- रूपए नगर परिषद कार्यालय में नकद जमा कराकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं केवल सिक्योरिटी राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बोली में भाग लेने का अधिकार होगा व नीलीमी की शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी।

कार्यालय नगर परिषद नारनौल

**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**SPORTS AUTHORITY OF INDIA**
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(मानव संसाधन प्रभाग - II)
(Human Resources Division -II)
मुख्यालय, गेट संख्या-10 (पूर्वी द्वार),
जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम,
लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003

फाइल सं.: 01-04001(03)/4/2026-66 दिनांक: 10-04-2026

**भारतीय खेल प्राधिकरण में निदेशक (प्रतिनियुक्ति आधार) हेतु भर्ती**

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्तशासी संस्था है, अपने मुख्यालय, नई दिल्ली तथा विभिन्न क्षेत्रीय इकाइयों में 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति आधार पर वेतन मैट्रिक्स स्तर-12 में निदेशक के 16 पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। पात्र अधिकारी निर्धारित प्रारूप में आवेदन, आवश्यक दस्तावेजों सहित, निदेशक (मानव संसाधन प्रभाग-II), SAI, जे.एन. स्टेडियम परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को प्रेषित कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10-05-2026 (सायं 5:00 बजे तक) है।

विस्तृत विज्ञापन, पांत्रता मानदंड, आवेदन प्रपत्र तथा अन्य निर्देश SAI की वेबसाइट (www.sportsauthorityofindia.nic.in) पर उपलब्ध होंगे।

CBC-47103/11/0004/2627

## महिला विषयक समिति के गठन को सर्वसम्मति से मंजूरी

■ समिति में 9 सदस्यों में से 5 महिलाएं होगी, चेयरपर्सन भी महिला : कल्याण

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल करते हुए महिला विषयक समिति के गठन को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की है। यह निर्णय सोमवार को आयोजित विशेष सत्र के दौरान, विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में लिया गया। इस संबंध में प्रदेश सरकार के संसदीय कार्यमंत्री महिपाल ढांडा द्वारा प्रस्तुत सरकारी संकल्प को सदन ने सर्वसम्मति से पारित किया। यह समिति हरियाणा विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम 279-एफ के अंतर्गत गठित की जाएगी। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि इस समिति में अधिकतम 9 सदस्य होंगे, जिनमें से 5 सदस्य महिलाएं होंगी। विशेष रूप से, समिति की चेयरपर्सन भी महिला सदस्य ही होंगी, जिससे महिला नेतृत्व को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।यह समिति हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों का परीक्षण करेगी तथा महिलाओं की समानता, प्रतिष्ठा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की गहन समीक्षा करेगी।इसके अतिरिक्त समिति शिक्षा, स्थानीय निकायों, सरकारी सेवाओं एवं अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के पर्याप्त प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयासों का भी मूल्यांकन करेगी। समिति महिलाओं की स्थिति और परिस्थितियों में सुधार की पहल करेगी।

## डायरेक्ट सेलिंग के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ हरियाणा : सीएम



■ कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित प्रदेश के मंत्री भी शामिल हुए

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में रविवार को आयोजित विजय पर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज आत्मनिर्भर भारत का संकल्प एक जन-आंदोलन बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वर्ष 2014 से देश में परिवर्तन की लहर ने हर क्षेत्र की कायापलट कर दी है। डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही है। इस दिशा में डायरेक्ट सेलिंग के माध्यम से बनी युवाओं की पहचान वास्तव में प्रेरणादायक है। पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र ने 10 गुणा वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2015 में तीन हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा वर्ष 2025-26 में बढ़कर 30 हजार करोड़ से अधिक हो गया है।

कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री मंत्री विपुल गोयल, कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक मुकेश शर्मा व अन्य मौजूद रहे7 मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम में आने पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।मुख्यमंत्री ने विजय पर्व कार्यक्रम को भारत के बदलते स्वरूप, आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते कदमों और युवाओं के आत्मविश्वास का उत्सव कह कर संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम में हनुमान चालीसा वाचन का विश्व रिकॉर्ड बनाने पर खुशी जताई।

**उद्यान विभाग, हरियाणा**
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: coemunimpura@gmail.com

**केन्द्र पर designer planters खरीदने हेतू मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर विभिन्न प्रकार के designer planters खरीदे जाने है। जिसका विवरण निम्नलिखित हैः-

| Sr.No. | Item | Size | Qty. | Unit Rate |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Box Planter | 30"x 16"x 16" | 4 | |
| 2 | Globe | 13"x 9"x 13" | 10 | |
| 3 | Ribble | 12"x 12"x 10" | 10 | |
| 4 | Largish | 12"x 8"x 24" | 4 | |
| 5 | Majesty Pot | 7"x 5"x 6" | 10 | |
| 6 | Apple pot | 6"x 3.5"x 6" | 10 | |
| 7 | Owl pot | 6" | 10 | |
| 8 | Tortoise pot | 6" | 10 | |
| 9 | Hanging basket | 7"D x 4" H | 20 | |

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 05.05.2026 सायं 2 बजे तक पोस्ट / कुरियर या दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करे। अधिक जानकारी के लिए डॉ. हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकते है। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ
युवा एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर
पीआरडीएच-1149/11/1082/2027/44814/88/6 दि. 27.04.26

**उद्यान विभाग, हरियाणा**
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

**केन्द्र पर logo, layout board, flower display boards बनवाने हेतु मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर विभिन्न प्रकार के logo, layout board, flower display boards आदि बनवाने है। जिसका विवरण निम्नलिखित हैः-

| Sr. No. | Items | Specification | Qty. | Unit Rate | Total Amount including charges/ taxes all |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | I ♡ COE Munimpur logo | L x B = 15' x 4.5' **Material** for letters Acrylic with 3mm thickness **Thickness of letters**-2" **Material for frame-** MS heavy duty iron With fitting and completing all respect. | 1 | | |
| 2 | Centre's layout board | L x B = 7'x 4' **Material-** Acrylic with 3mm thickness. To be fitted onwall with studs | 1 | | |
| 3 | Flower display boards | L x B = 3' x 2' **Base Material-** Sunboard with 5mm thickness with vinyl printing. To be fitted onwall with studs | 15 | | |
| 4 | Standing flags of India & Israel | **Height-** upto 6' with stainless steel pipe of I" thickness with proper circular base for standing the flag. **Flag size-** 2.5' x 4' **Flag cloth material-** Nylon | 2 | | |

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 05.05.2026 सांय 2 बजे तक पोस्ट / कुरियर या दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करे। अधिक जानकारी के लिए डॉ. हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।
पीआरडीएच-1149/11/1081/2027/44813/88/6 दि. 27.04.26

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**



अभियोग संख्या 103 दिनांक 22.04.2026 धारा 127(6) BNS 2023 थाना पुरानी सब्जी मन्डी रोहतक ।
गुमशुदा की पहचान बारे –
नाम-राजकमल
पिता/पति- पुत्र रुप तुषासागर
पता- निवासी गगांना जिला सोनीपत 1
उम्र-40 वर्ष ।
कद- 5 फुट 3 ईच ।
हुलिया - रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, दुबला पतला जिसने सफेद शर्ट नीली जीस व पैरों में ब्राऊन जूते पहने हुए 1
दिनांक 20.04.2026 को राजकमल
पिता/पति- पुत्र रुप तुषासागर
पता - निवासी गगांना जिला सोनीपत बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना रोहतक -9728657789

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**



अभियोग संख्या 149 दिनांक 20.04.2026 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शिवा जी कालोनी रोहतक।
गुमशुदा की पहचान बारे
नाम - राजकुमार
पिता/पति- पुत्र औम प्रकाश
पता - निवासी कमला नगर रोहतक 1
उम्र-37 वर्ष ।
कद- 5 फुट 8 ईच।
हुलिया - रंग गेहुआ, चकोर चेहरा, जो हल्की दाढी रखे हुए है जिसने ग्रे कलर की शर्ट, काले रगं की लोवर डाल रखी है।
दिनांक 20.04.2026 को राजकुमार s/o औम प्रकाश
पता - निवासी कमला नगर रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना रोहतक - 7206232966

पीआरडीएच-1084/11/4728/2027/44805/88/6 दि. 27.04.2026

## कैथल के गांव जाखोली में पूर्व वित्त मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता ने धन्ना भगत मंदिर का किया उद्घाटन, हॉल का किया शिलान्यास

# धन्ना भगत की तर्ज पर सादगी अपनाते हुए कर्म करना चाहिए : कैप्टन अभिमन्यु

**कैप्टन अभिमन्यु का ग्रामीणों ने फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर किया स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हमें धन्ना भगत की तर्ज पर सादगी अपनाते हुए कर्म करना चाहिए। कैप्टन अभिमन्यु सोमवार को गांव जाखोली में धन्ना भगत के मंदिर का उद्घाटन तथा हॉल के शिलान्यास अवसर पर समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा तथा किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने भी शिरकत की। इससे पूर्व कैप्टन अभिमन्यु तथा अन्य अतिथियों का ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि धन्ना जाट तगारी लायी, छाछ पीवे खीर, भगती भगती करत धन्ना, वैकुंठ की सीर अर्थात धन्ना अपना सामान्य कार्य करता हुआ भी प्रभु से भक्ति लगाकर वैकुंठ पहुंच जाता है। संत शिरोमणि धन्ना भगत की सादगी तथा प्रभु के प्रति विश्वास को लेकर ही आज उन्हें याद किया जा रहा है। हमें चाहिए कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए आपस में भाईचारा तथा सौहार्द कायम करें। उन्होंने कहा कि धन्ना भगत मंदिर को लेकर गांव के लोगों ने जो एकजुटता तथा विश्वास दिखाया है वह काबिले तारीफ है। इस प्रकार से अन्य गांव के लोगों को भी इस प्रकार के कार्य करने चाहिए।

कैप्टन ने कहा कि उनके वित्त मंत्री के शासनकाल के दौरान 2 साल की अवधि में 3000 करोड़ रुपये किसानों को मुआवजा के तौर पर दिलाकर एक ऐतिहासिक कार्य किया था, जबकि पूर्व की सरकारों में किसानों को 5 से 10 रुपये के चेक देकर उनका निरादर किया जाता था। उनके कार्यकाल में गांव में लाल डोरा की जमीन की मलकियत दिलाने का काम किया गया, अब इस जमीन पर आसानी से बैंक लोन ले सकते हैं।



**कैथल।** पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु दानी सज्जनों को सम्मानित करते हुए।


कैथल। कैप्टन अभिमन्यु व कमलेश ढांडा धन्ना भगत मंदिर का उद्घाटन करते हुए।

### कैप्टन ने 11 लाख रुपये देने का किया ऐलान

कार्यक्रम को भाजपा नेता तुषार ढांडा, जिला पार्षद अमरजीत कसान, रामकरण चहल कोटडा, पार्षद दीप मलिक व सतीश कुमार ने भी संबोधित किया। मंच संचालक मनोज कुमार ने बताया कि मंदिर का निर्माण करीब 8 माह में 80 लाख रुपये से हुआ है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण में गांव के बारू राम द्वारा 631000 की धनराशि दी गई। इसी प्रकार से अनिल कुमार द्वारा 1.01 लाख, बलवीर दुल द्वारा 1.25 लाख, मनोज रापड़िया द्वारा 1.21 लाख, बलिंदर द्वारा 1.10 लाख, राजाराम, रामफल कोटडा तथा पार्षद दीपक तथा रामकरण चहल कोटडा द्वारा 1.01 लाख रुपये की राशि दी गई। इसके अलावा सतीश कुमार द्वारा 651000 की राशि से मंदिर का गेट का निर्माण करवाने का ऐलान किया। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि वे मंदिर निर्माण में 11 लाख रुपये की राशि का सहयोग करेंगे तथा इसके बावजूद यदि जरूरत पड़ी तो वह पीछे हटने वाले नहीं हैं। कार्यक्रम में उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृष्ण श्योकंद, राजवीर कादियान, होशियार नंबरदार, महावीर चहल, बारू राम कादियान, सरपंच जितेंद्र, ब्लॉक समिति अध्यक्ष के प्रतिनिधि अनिल मलिक, मनोज चहल, होशियार सिंह गिल, दिलबाग कादियान, जोगेंद्र कादियान, रविंदर धीमान व तुषार आदि उपस्थित रहे।

### कैप्टन का नाम समर्पण और सौहार्द से जुड़ा : ढांडा

पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने कैप्टन अभिमन्यु का स्वागत करते हुए कहा कि कैप्टन का नाम हरियाणा की राजनीति में समर्पण और सौहार्द के लिए कद्दावर नेता के रूप में लिया जाता है। कैप्टन ने उनके परिवार का लंबे समय से साथ और सहयोग दिया है। यही कारण है कि वे आज मंच पर खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि धन्ना भगत का नाम गुरु ग्रंथ साहब में भी सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्हें सादगी और कर्म में विश्वास के प्रति याद किया जाता है।

### नवीन जिंदल ने दिया पांच लाख का दान

कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी रविंदर धीमान ने सांसद का संदेश पढ़कर सुनाया तथा मंदिर के लिए 5 लाख रुपये की राशि देने का ऐलान किया। इसके साथ ही किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि कैप्टन बहुत ही विनम्र और सादगी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों द्वारा उन्हें जो मान और सम्मान दिया गया है वह उसे सदा याद रखेंगे तथा इसको कई गुना देकर समाज का उत्थान करेंगे। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से रस मंगल तीर्थ से जाखोली की पहचान होती है उसी प्रकार से अब धन्ना भगत मंदिर भी एक ऐतिहासिक मंदिर के रूप में उभरकर सामने आएगा।

---

**खबर संक्षेप**

### आईटीआई हॉस्टल की छत से कूदकर छात्र ने की खुदकुशी



**पलवल।** दीघौट गांव में स्थित निजी आईटीआई के छात्र 20 वर्षीय युवक ने हॉस्टल की छत से कूदकर खुदकुशी कर ली। खांबी गांव निवासी त्रिदेव पिछले दो साल से मानसिक परेशानी से जूझ रहा था। हाल ही में उसकी मां का निधन हो गया था, जिसके बाद से वह और अधिक परेशान रहने लगा था। रविवार को छात्र अचानक आईटीआई में बने हॉस्टल की छत पर चढ़ गया और नीचे कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल मौत इत्तफाकिया बताई जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### कुरुक्षेत्र में ड्यूटी के दौरान एएसआई की मौत



कुरुक्षेत्र। असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई, जब वे अपनी टीम के साथ बाबैन एरिया में एक केस के सिलसिले में पहुंचे थे। इस दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और साथी पुलिसकर्मी उनको लेकर प्राइवेट अस्पताल लेकर गए। मृतक की पहचान कमलजीत (45) के रूप में हुई। एएसआई कमलजीत यमुनानगर के सरस्वती नगर (मुस्तफाबाद) के गंदापुरा गांव के रहने वाले थे। जिला कुरुक्षेत्र में डायल-112 पर उनकी ड्यूटी लगी हुई थी। वे साल 2003 में हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए थे। करीब एक साल पहले ही उनकी पोस्टिंग कुरुक्षेत्र में हुई थी। रविवार की शाम उनको किसी केस के सिलसिले में बाबैन एरिया में जाना पड़ा, वे अपने साथी पुलिसकर्मियों के साथ केस पर चले गए। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत खराब होने लगी। उन्हें कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल पहुंचाया गया, यहां डॉक्टरों ने उनकी जांच करके मृत घोषित कर दिया।

---

## फतेहाबाद में आधा दर्जन युवकों ने बेरहमी से दिया वारदात को अंजाम

# फुफेरे भाई की पत्नी को भगाने पर थी रंजिश, आरोपी ने चाकू मार की हत्या

- बचाने के लिए आया छोटा भाई तो हमलावर धमकी देकर हुए फरार, पुलिस टीमें कर रहीं छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर के आजाद नगर के साथ लगती बालाजी कॉलोनी में रविवार देर रात आपसी रंजिश के चलते 28 वर्षीय युवक मोनू कुमार की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। वारदात को आधा दर्जन हमलावरों ने मोनू के छोटे भाई के सामने ही अंजाम दिया।


मृतक मोनू।

सोमवार को पुलिस को दिए बयान में मृतक मोनू के भाई सचिन ने बताया कि वह घर पर लेटा हुआ था, तभी एक युवक ने आकर सूचना दी कि मोनू के साथ मारपीट की जा रही है। जब सचिन मौके पर पहुंचा तो उसने देखा कि शंकर लाल निवासी आजाद नगर, किताब निवासी कीर्ति नगर, अरुण निवासी बालाजी कॉलोनी, निंजा और 2-3 अन्य युवक मोनू को घेरकर पीट रहे थे। इसी बीच शंकर लाल ने मोनू की जांघ पर चाकू से गहरा वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा और बेहोश हो गया। सचिन को देखते ही सभी हमलावर वहां से भाग निकले। उसे तत्काल अस्पताल में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अग्रोहा रेफर कर दिया। अग्रोहा ले जाते समय रास्ते में ही मोनू की मौत हो गई।

पुलिस की शुरुआती जांच और परिजनों के बयानों के अनुसार, हत्या की जड़ में करीब डेढ़ साल पुराना विवाद है। बताया जा रहा है कि मोनू की बुआ का लड़का उनके पास ही रहता था। लगभग डेढ़ साल पहले आरोपी शंकर लाल उसकी पत्नी को भगा ले गया था और बाद में उससे शादी कर ली थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था, जिसने अब खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। कार्यवाहक एसएचओ कुलदीप सिंह ने बताया कि मृतक के भाई सचिन के बयान पर मुख्य आरोपी शंकर लाल सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीमें फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। तीन भाई-बहनों में सबसे बड़े मोनू की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है।

### कार तेज चलाने का विरोध करने पर युवक को कुचला, अस्पताल ले जाते समय भी हमला बोला

**सिरसा।** खाजाखेड़ा में कुछ लोगों ने कार से कुचल कर युवक को मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान सिरसा निवासी सोनू के रूप में हुई है। पुलिस ने शिकायत पर चार-पांच युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शहर से सटे खाजाखेड़ा में मृतक सोनू की मां रविवार रात को गली में चारपाई लगाकर बैठी थी। एक कार बार-बार गली में तेज गति से चक्कर काट रही थी। कार की स्पीड को लेकर सोनू व कार सवार लोगों में विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान कुछ लोग बाइक लेकर मौके पर पहुंच गए। कार सवार युवकों ने सोनू को तीन-चार बार टक्कर मारी, जिससे वह घायल हो गया। बीच बचाव करने आए सोनू के भाई पवन को भी हमलावरों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। नंबरदार बलवंत सिंह ने बताया सूचना पुलिस को दी गई और घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे तो हमलावरों ने फिर रास्ते में हमला बोल दिया। अस्पताल ले जा रहे लोगों ने घायल को रास्ते में ही छोड़कर अपनी जान बचाई। हमलावर कार व मोटरसाइकिलों को आधे घंटे तक इधर-उधर भगाते रहे। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घायल सोनू को अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार सोनू खाजाखेड़ा में ही एक लकड़ी के आरे पर मजदूरी करता था और उसके तीन बच्चे हैं।

### पत्नी के प्रेमी ने हत्या कर संदूक में छिपाई लाश



**गुरुग्राम।** अवैध संबंधों का खुलासा होने पर एक युवक को उसकी पत्नी के प्रेमी व दोस्त ने मिलकर मार डाला। हत्या के बाद युवक का अर्धनग्न शव एक संदूक में छिपा दिया। गले को धारदार हथियार से काटा गया है, जबकि चेहरा और शरीर के अन्य अंग जलाए गए। पुलिस के मुताबिक, 24 वर्षीय अमन मूलरूप से बिहार के सहरसा का रहने वाला था। वह डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। वह पत्नी के साथ बंजारा मार्केट में रहता था। उसकी पत्नी के सोनू नाम के युवक के साथ अवैध संबध बन गए थे। जब अमन को इस बात का पता चला तो विवाद खड़ा हो गया। सोनू ने दोस्त मोहम्मद मिराज के साथ मिलकर 25 अप्रैल को सुबह साढ़े 6 बजे अमन की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों को काबू कर लिया है और संदूक से लाश की बरामदगी की।

## बाइक के पहिये में फंसी चुन्नी, महिला की मौत

- पति के साथ घूमने निकली थी, नीचे गिरकर सिर टकराने से मौत, एक वर्षीय बच्ची घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल में एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल के पहिये में चुन्नी फंसने से महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी गोद में बैठी एक साल की बच्ची घायल हो गई। मृतका की पहचान उत्तरप्रदेश के शामली निवासी रचना के रूप में हुई है, जो अपने पति अश्वनी के साथ करनाल के कर्ण विहार में रहती थी। अश्वनी एक निजी कंपनी में कार्यरत है। जानकारी के अनुसार, रचना अपने पति और बच्चों के साथ मोटरसाइकिल पर बाजार घूमने के लिए निकली थी। रचना पीछे बैठी हुई थी और उसने एक साल की बेटी को गोद में लिया हुआ था, जबकि बेटा आगे बैठा था। रास्ते में अचानक उसकी चुन्नी बाइक के पिछले टायर में फंस गई, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और रचना बच्ची सहित सड़क पर गिर पड़ी। गिरने के दौरान रचना का सिर सड़क से टकराया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



### नेशनल हाईवे पर काम कर रहे दो वर्कर्स को तेज रफ्तार कार ने रौंदा

**कुरुक्षेत्र।** नेशनल हाईवे 152-डी पर तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से महिला सहित दो वर्करों की मौत हो गई। पिहोवा के लाडवा फार्म के पास वर्कर्स हाईवे पर घास काटने का काम कर रहे थे। जैसे ही वर्कर काम करके नीचे उतरे गंगहेड़ी की ओर से आई राजस्थान नंबर की स्विफ्ट कार ने उनको जोरदार टक्कर मार दी। मरने वालों की पहचान सारसा गांव के अमित लाल (53) और जिला कैथल के सलीम मद्दूदपुर गांव की 44 वर्षीय सलीना के रूप में हुई। दोनों एक कंपनी में ठेकेदार के जरिये हाईवे पर घास काटने का काम करते थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अमित लाल हाईवे से उछलकर बीच में बने पुल से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ अन्य वर्कर भी काम पर लगे हुए थे। पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिए हैं। बताया जा रहा है कि अमित लाल इकलौता कमाने वाला था।

## कबड्डी खिलाड़ी एक करोड़ की हेरोइन के साथ काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

क्राइम ब्रांच की टीम ने एक करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ पंजाब के एक कबड्डी खिलाड़ी को दबोचा है। आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से रिमांड के दौरान पूरे गिरोह के बारे में पता लगाया जाएगा। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि वह यहां पर हेरोइन सप्लाई करने आया था, जिसे फिर आगे बेचा जाना था।

पंचकूला क्राइम ब्रांच-26 इंचार्ज दलीप सिंह की टीम ने रायपुररानी-नारायणगढ़ रोड पर स्थित गांव प्यारेवाला के पास घेराबंदी की। यहां से पंजाब के जिला तरनतारन निवासी आरोपी रशपाल सिंह उर्फ लाली को गाड़ी सहित दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसकी बोलेरो गाड़ी की ड्राइवर सीट के नीचे से 538 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसकी बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 5 लाख रुपये संभावित है। इस संबंध में थाना रायपुररानी में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि आरोपी लंबे समय से नशा तस्करी के धंधे में संलिप्त है और पंजाब से हेरोइन लाकर पंचकूला क्षेत्र में सप्लाई करता था। आरोपी को 24 अप्रैल को कोर्ट में पेश कर 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया था।



आगे की पूछताछ के लिए दोबारा कोर्ट में पेश कर 4 दिन का रिमांड लिया गया है ताकि उसके मुख्य सप्लायर तक पहुंचा जा सके। आरोपी पहले राज्य स्तर का कबड्डी खिलाड़ी भी रह चुका है और उसके खिलाफ पंजाब में दो आपराधिक केस दर्ज हैं, जिनमें एक हत्या के प्रयास और दूसरा धोखाधड़ी से संबंधित है। आरोपी ने अपने मुख्य सप्लायर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जिसके आधार पर पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

### पिकअप ने मारी बाइक को टक्कर, दो दूधमुंही बच्ची और चालक की मौत

**पलवल।** नेशनल हाईवे-19 पर पृथला गांव के निकट रविवार रात सड़क हादसे में दो दूधमुंही बच्चियों सहित तीन की मौत हो गई, जबकि बच्चियों की माएं भी घायल है। फिरोजाबाद से फरीदाबाद आ रही बाइक को एक मैक्स पिकअप ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बाइक चालक भीष्म और 18 माह की राधिका तथा चार माह की कीर्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जिला फिरोजाबाद निवासी भूरी सिंह ने शिकायत में कहा कि उसका छोटा बेटा भीष्म अपनी साले की पत्नी रीवा व रोशनी को फिरोजाबाद से बाइक पर लेकर फरीदाबाद आ रहा था। रीवा की गोद में उसकी 18 माह की बेटी राधिका व रोशनी की गोद में उसकी चार माह की बेटी कीर्ति थी। पृथला गांव के पास रेलवे ओवरब्रिज के नीचे यह हादसा हुआ।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने तेज गाड़ी चला बच्चे को कुचला

- लोगों ने आरोपी चालक को मौके से पकड़कर पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कच्चा खेड़ी रोड पर एक तेज रफ्तार एक्सयूवी कार ने 2 साल के बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। बच्चा प्रदीप अपनी मां की अंगुली पकड़कर सड़क के किनारे चल रहा था। आरोपी कार ड्राइवर नोएडा की एक कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर है और सेक्टर 87 का रहने वाला है। हादसे में गाड़ी का अगला पहिया प्रदीप के सिर के ऊपर चला गया। अमौलिक चौक के पास रहने वाली महिला लक्ष्मी ने पुलिस को अपने बच्चे की मौत की शिकायत दी। हादसे में बच्चे की मां भी घायल हो गई, जिसको आसपास के लोगों ने इलाज के लिए ग्रेटर फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर मौजूद लोगों ने एक्सयूवी कार के ड्राइवर को मौके से ही पकड़ लिया और उसको पुलिस के हवाले कर दिया। जांच अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

---

**न्याय** चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों को दो माह के भीतर पूरा करने के दिए आदेश, नहीं तो लगेगा 9 प्रतिशत ब्याज

# मेडिकल रीइम्बर्समेंट कर्मचारी का अधिकार, दया नहीं : हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकारी कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों में वर्षों तक होने वाली देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। अदालत ने हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ प्रशासन के साथ-साथ सभी बोर्डों और निगमों को निर्देश दिया है कि वे चिकित्सा बिलों से जुड़े दावों का निपटारा अधिकतम दो माह के भीतर करें। यदि तय समय सीमा का पालन नहीं किया गया तो संबंधित विभागों को 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ भुगतान करना होगा। यह आदेश जस्टिस सुदीप्ति शर्मा की एकलपीठ ने व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए पारित किया। अदालत ने साफ कहा कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति कोई "कृपा" नहीं बल्कि सरकारी कर्मचारी का वैधानिक अधिकार है, जिसे समय पर दिया जाना अनिवार्य है। कोर्ट ने यह भी माना कि लंबे समय तक फाइलों को एक विभाग से दूसरे विभाग में घुमाने की प्रवृत्ति ने कर्मचारियों को अनावश्यक परेशानी में डाला है। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत के सामने एक ऐसा उदाहरण आया, जिसमें एक महिला को अपने पति के इलाज पर खर्च किए गए पैसे की प्रतिपूर्ति के लिए करीब 16 वर्षों तक इंतजार करना पड़ा। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अदालत ने कहा कि इतनी लंबी देरी न केवल अनुचित है बल्कि इससे चिकित्सा सहायता का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि सरकार या उसके विभाग अपनी सुविधा के अनुसार अनिश्चितकाल तक निर्णय लंबित नहीं रख सकते। यदि किसी कर्मचारी को कोई लाभ दिया जाना है तो उसे "उचित समय" के भीतर देना ही होगा। अन्यथा, उस लाभ के साथ ब्याज जोड़ना आवश्यक होगा ताकि विभाग समय सीमा का पालन करने के लिए बाध्य रहें। कोर्ट ने यह भी कहा कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति को "भीख" या अनुग्रह के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह सेवा शर्तों के तहत दिया गया वैध अधिकार है, जिसे समय पर उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। अपने आदेश के अंत में हाईकोर्ट ने निर्देश दिए कि इस फैसले की प्रति पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ प्रशासन सहित सभी संबंधित बोर्डों और निगमों को भेजी जाए ताकि इसे प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।



- अदालत के सामने आया बड़ा उदाहरण-एक महिला को पति के इलाज पर खर्च किए गए पैसे की प्रतिपूर्ति के लिए करीब 16 वर्षों तक इंतजार करना पड़ा

### बाली से मिस्र तक बनाए रिश्ते, अदालत ने 'दुष्कर्म' नहीं 'दोस्ती' मानते हुए एफआईआर रद्द की

- संबंध के वक्त विवाहित थी महिला, चल रहा था तलाक का केस

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में गुरुग्राम में दर्ज दुष्कर्म के मामले को खारिज करते हुए कहा कि प्रस्तुत तथ्यों में अपराध के आवश्यक तत्व पूरी तरह अनुपस्थित हैं। अदालत ने पाया कि दोनों पक्षों के बीच संबंध आपसी सहमति और मित्रता पर आधारित थे, जिसे बाद में आपराधिक रंग देने की कोशिश की गई। यह फैसला जस्टिस एनएस शेखावत की पीठ ने सुनाया, जिसमें मई 2024 में दर्ज एफआईआर, अंतिम रिपोर्ट और उससे जुड़े सभी आपराधिक कार्यवाही को निरस्त कर दिया गया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता और आरोपित एक ही कंपनी में कार्यरत थे और कई वर्षों से एक-दूसरे को जानते थे। रिकॉर्ड के अनुसार, दोनों के बीच घनिष्ठ संबंध विकसित हुए और उन्होंने साथ में विदेश यात्राएं भी कीं। अक्टूबर 2022 में दोनों बाली गए, जबकि सितंबर 2023 में मिस्र की यात्रा भी साथ की। इन यात्राओं के दौरान दोनों एक साथ रहे और शारीरिक संबंध भी स्थापित हुए, जिसे शिकायतकर्ता ने स्वीकार किया। पीठ ने यह भी उल्लेख किया कि शिकायतकर्ता उस समय पहले से विवाहित थी और अपने पति से विवाद के चलते तलाक की प्रक्रिया में थी, जो अक्टूबर 2023 में पूरी हुई। ऐसे में अदालत ने यह तर्क असंगत माना कि आरोपित ने विवाह का झांसा देकर संबंध बनाए, क्योंकि उस समय शिकायतकर्ता स्वयं विवाह के लिए कानूनी रूप से सक्षम नहीं थी। अदालत ने यह भी नोट किया कि शिकायतकर्ता एक शिक्षित और पेशेवर महिला है, जिसने लंबे समय तक संबंध बनाए रखने के बावजूद तत्काल कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। इस देरी और परिस्थितियों को देखते हुए अदालत ने माना कि यह मामला आपसी सहमति और मित्रता का प्रतीत होता है, न कि जबरन या धोखे से बनाए गए संबंधों का।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष कैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 60 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार अप्रैल 2025 को थाना जुलाना में शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसमें लड़की के पिता ने बताया था कि उसकी नाबालिग लड़की के साथ उसके पड़ोसी ने जबरन दुष्कर्म किया है। जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस द्वारा दिए गए ठोस साक्ष्य के आधार पर अदालत ने सोमवार को गांव देवरड़ निवासी प्रीक्षित को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास व 60 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार ने कहा कि जींद पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**खबर संक्षेप**

### एसबीआई कार्ड के लाभ में 14 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** एसबीआई कार्ड एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (एसबीआई कार्ड) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 609 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी ने 534 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। एसबीआई ने बयान में कहा कि कंपनी की कुल आय बढ़कर 5,187 करोड़ रुपये हो गई जो गत वर्ष की समान तिमाही में 4,832 करोड़ रुपये थी। हालांकि ब्याज आय घटकर 2,382 करोड़ रुपये रह गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,415 करोड़ रुपये थी।

### डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसा बढ़कर 94.15

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को एक पैसे की मामूली बढ़त के साथ 94.15 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वैश्विक अनिश्चितता, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के बावजूद रुपया बढ़त में रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपया ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपनी शुरुआती गिरावट की भरपाई की, लेकिन कुल मिलाकर रुझान नकारात्मक बना हुआ है क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने घरेलू मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया है।

### एनएसई ने आईजीएक्स में हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने नियामकीय मानदंडों का पालन करने के लिए इंडियन गैस एक्सचेंज में अपनी करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह हिस्सेदारी बिक्री पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड के नियमों के अनुरूप है जिनके अनुसार किसी एक इकाई की एक्सचेंज में हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# पंजाब नेशनल बैंक लाया ग्राहकों के लिए यूपीआई पर उधारी की सुविधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने करीब 18 करोड़ ग्राहकों के लिए डिजिटल पेमेंट को और आसान बनाने के लिए फिनटेक कंपनी किवी के साथ समझौता किया हैं। किवी को क्रेडिट-ऑन-यूपीआई प्लेटफॉर्म के तौर पर जाना जाता है।

इस पहल का मकसद ग्राहकों को यूपीआई के जरिए भी क्रेडिट सुविधा उपलब्ध कराना हैं। जिससे ग्राहकों के लिए पेमेंट का तरीका और ज्यादा सुविधाजनक बन सके। इसके तहत बैंक रुपी नेटवर्क पर पीएनबी किवी क्रेडिट कार्ड लांच करेगा। इसके जरिए ग्राहक बैंक बैलेंस न होने पर भी यूपीआई से भुगतान कर पाएंगे। पंजाब नेशनल बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर का कहना हैं कि, देश में डिजिटल पेमेंट तेजी से बढ़ रहे हैं। इसमें यूपीआई की अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक के पास पूरे देश में 10,000 से ज्यादा शाखाओं का मजबूत नेटवर्क है। जिनमें से करीब 60 प्रतिशत सेमी-अर्बन और ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। इस नेटवर्क के जरिए बैंक उन लोगों तक भी औपचारिक क्रेडिट सुविधा पहुंचाने की कोशिश कर रहा है, जो अब तक इससे दूर रहे हैं।

**क्रेडिट कार्ड अब आपके मोबाइल में!**

**आसान इस्तेमाल साथ में कैशबैक**

यह कार्ड पूरी तरह डिजिटल होगा और यूपीआई से आसानी से जुड़ जाएगा। जिससे पेमेंट करना काफी आसान हो जाएगा। इसके साथ ही ऑनलाइन ट्रांजैक्शन पर 0.5 से 1.5 प्रतिशत तक कैशबैक भी मिलेगा। यानी यूजर्स को सुविधा के साथ-साथ कैशबैक का भी लाभ मिलेगा।




**बिना फीस के डिजिटल कार्ड**

यह कार्ड पूरी तरह डिजिटल तरीके से जारी होगा। यानी ग्राहक इसके लिए घर बैठे ऑनलाइन ही अप्लाई कर सकेंगे। आवेदन करने के लिए ज्यादा कागजी झंझट भी नहीं है। जिससे प्रक्रिया आसान और तेज हो जाएगी। सबसे खास बात यह है कि इस कार्ड पर न कोई जॉइनिंग फीस लगेगी और न ही कोई सालाना शुल्क। जिससे यह आम लोगों के लिए और ज्यादा सुविधाजनक बन जाता हैं।

## भारतीय कॉरपोरेट इतिहास की सबसे बड़ी डील्स में गिना जा रही

# सन फार्मा 11.75 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर ऑर्गेनॉन एंड कंपनी का करेगी अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय दवा उद्योग के इतिहास में रविवार एक बड़े ग्लोबल टर्निंग पॉइंट के रूप में दर्ज हो गया। देश की सबसे बड़ी फार्मा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने अमेरिकी दिग्गज ऑर्गेनन को खरीदने का ऐलान कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। करीब 11.75 बिलियन डॉलर यानी लगभग 98 हजार करोड़ रुपए की यह डील भारतीय कॉरपोरेट इतिहास की सबसे बड़ी और रणनीतिक डील्स में गिनी जा रही है। इस अधिग्रहण के साथ सन फार्मा अब केवल एक भारतीय कंपनी नहीं रही बल्कि एक ग्लोबल फार्मा सुपरपावर के रूप में उभरी है। इस सौदे के पीछे कंपनी के संस्थापक दिलीप सांघवी का विजन साफ दिखता है और यह भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत का भी संकेत देता है। वित्त वर्ष 2025 तक सन फार्मा का सालाना रेवेन्यू करीब 6.48 बिलियन डॉलर था, जबकि ऑर्गेनन का

- अमेरिकी दिग्गज ऑर्गेनन को खरीदने का ऐलान कर पूरी दुनिया को चौकाया

**खास बातें**

- यह पूरी डील करीब 98 हजार करोड़ रुपए की मानी जा रही
- सन फार्मा अब एक भारतीय नहीं एक ग्लोबल फार्मा सुपरपावर के रूप में उभरी




**विमेंस हेल्थ सेगमेंट में दबदबा**

ऑर्गेनन की सबसे बड़ी ताकत महिलाओं के स्वास्थ्य और बायोसिमिलर्स में उसकी मजबूत पकड़ है। इस डील के बाद सन फार्मा 10 बिलियन डॉलर से बड़े विमेंस हेल्थ मार्केट में लीडर बन सकती है। फर्टिलिटी से लेकर गर्भनिरोधक दवाओं तक कंपनी की मौजूदगी अब और मजबूत होगी। ऑर्गेनन का नेटवर्क 140 से ज्यादा देशों में फैला हुआ है। इस अधिग्रहण से सन फार्मा को यूरोप और लैटिन अमेरिका जैसे बाजारों में मजबूत एंट्री मिल गई है। इससे कंपनी का ग्लोबल फुटप्रिंट 150 देशों तक पहुंच सकता है और यह किसी भी क्षेत्रीय आर्थिक झटके को झेलने में सक्षम बनेगी।

**बायोसिमिलर्स**

बायोसिमिलर्स को आसान भाषा में समझें तो ये जटिल जैविक दवाओं (बायोलाजिक) की 'सटीक कॉपी' होते हैं। मसलन, एक महंगी ब्रांडेड घड़ी और उसके जैसी ही दिखने वाली और काम करने वाली दूसरी घड़ी। यह सामान्य जेनेरिक दवाओं की तरह केवल केमिकल मिक्सचर नहीं होते, बल्कि जीवित कोशिकाओं से बने होते हैं। इन्हें बनाना और रेगुलेट करना बेहद कठिन और खर्चीला काम है।

**खुशी के साथ थोड़ी चिंता भी: सांघवी**

दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज के कार्यकारी चेयरमैन दिलीप सांघवी ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी कंपनी ऑर्गेनॉन का अधिग्रहण 'खुशी' के साथ 'हल्की चिंता' का भी क्षण है। बड़े आकार के इस सौदे को वित्तपोषित करने के लिए कर्ज लेना होगा, जिसकी वजह से थोड़ी चिंता होना स्वाभाविक है, लेकिन कंपनी जोखिम लेने से पीछे हटने वाली नहीं है। उन्होंने कहा, हम कर्ज लेने से बचने वाली कंपनी जरूर हैं, लेकिन जोखिम से बचने वाली नहीं। ऐसे अवसर सामान्य परिस्थितियों में आसानी से नहीं मिलते।



**ग्लोबल रैंकिंग में बड़ी छलांग**

करीब 13 बिलियन डॉलर के कंबाइंड रेवेन्यू के साथ सन फार्मा अब दुनिया की टॉप 12 से 15 फार्मा कंपनियों में शामिल हो सकती है। यह कंपनी को तेवा फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज और वियाट्रिस जैसे दिग्गजों के बराबर ला खड़ा करता है। साथ ही अब इसे फाइजर और नोवार्टिस की लीग में गिना जा रहा है।

## केआईआईटी को भारत का छठा सर्वश्रेष्ठ विवि और पूर्वी भारत में शीर्ष स्थान मिला



**भुवनेश्वर।** केआईआईटी-डीयू ने टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचएसई) एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में छठा स्थान प्राप्त किया है। यह विश्वविद्यालय न केवल ओडिशा में बल्कि पूरे पूर्वी भारत क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर रहा है। 2025 में, विश्वविद्यालय देश का आठवां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय था। वैश्विक स्तर पर, केआईआईटी एशिया में 169वें स्थान पर पहुंच गया है, जो 2024 में 196वें और 2025 में 184वें स्थान से लगातार और प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है। दा एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग 2026 में 36 देशों के 929 विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन पांच प्रमुख क्षेत्रों में कठोर प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर किया गया: शिक्षण (अधिगम वातावरण), अनुसंधान वातावरण (मात्रा, आय और प्रतिष्ठा), अनुसंधान गुणवत्ता (उद्धरण प्रभाव, शक्ति, उत्कृष्टता और प्रभाव), अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण (कर्मचारी, छात्र और अनुसंधान), और उद्योग आय (ज्ञान हस्तांतरण और पेटेंट)। यह रैंकिंग केआईआईटी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि एक युवा विश्वविद्यालय होने के बावजूद इसने कई स्थापित और प्रतिष्ठित संस्थानों को पीछे छोड़ दिया है। केआईआईटी और केआईआईएस के संस्थापक डॉ. अच्युता सामंता ने इस रैंकिंग की सराहना करते हुए कहा है कि यह शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए संकाय, कर्मचारियों और छात्रों के निरंतर प्रयासों और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## निप्पॉन लाइफ का लाभ 29 फीसदी बढ़कर 385 करोड़

**नई दिल्ली।** निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 384.48 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 298.32 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। निप्पॉन लाइफ इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 705.20 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 589.58 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2025-26 की पूरी अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 1,529.38 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे एक साल पहले 1,286.39 करोड़ रुपये था।

## शेयर बाजार में 3 दिन बाद तेजी लौटी

**मुंबई (एजेंसी)।** वैश्विक संकेतों में सुधार और प्रमुख कंपनियों में खरीदारी के चलते घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन की गिरावट के बाद सोमवार को तेजी लौटी। सेंसेक्स 639 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 195 अंकों की बढ़त दर्ज की गई। विश्लेषकों के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और सन फार्मा के शेयरों में जोरदार लिवाली आने से मानक सूचकांकों में उछाल देखा गया। इसके अलावा ईरान और अमेरिका के बीच तनाव घटने के संकेतों ने भी धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 639.42 अंक उछलकर 77,303.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 755.83 अंक तक चढ़कर 77,420.04 के स्तर तक पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 194.75 अंक यानी 0.81 प्रतिशत बढ़कर 24,092.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर करीब सात प्रतिशत तक उछल गया। सन फार्मा द्वारा अमेरिकी कंपनी ऑर्गेनॉन के अधिग्रहण के लिए 11.75 अरब डॉलर के सौदे की घोषणा के बाद इसमें तेज खरीदारी देखी गई। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में भी 2.88 प्रतिशत की तेजी आई। साथ ही, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, एचसीएल टेक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख बढ़त वाले शेयरों में शामिल रहे। दूसरी तरफ, एक्सिस बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

## चांदी 3,500 रुपये चढ़ी सोना 200 रुपये तेज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतों में 3,500 रुपये की तेजी आई और यह 2.50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई जबकि जौहरियों एवं खुदरा विक्रेताओं की ताजा लिवाली के कारण सोने की कीमतें भी बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 200 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोमवार को सोने का कारोबार स्थिर रहा; बाजारों में मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच कीमतें पिछले सत्र की सीमा के भीतर ही बनी रहीं।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका-ईरान संबंधों को लेकर अनिश्चितता के कारण बाजार का रुख सतर्क बना रहा। कूटनीतिक प्रयासों में सीमित प्रगति और नई बातचीत के लिए कोई स्पष्ट समय-सीमा न होने के कारण, जिंसों और वित्तीय बाजारों में भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना और चांदी दोनों ही मामूली गिरावट के साथ क्रमशः 4,704 डॉलर और 75.60 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहे थे। मिराए एसेट शेयरखान में प्रमुख (जिंस) प्रवीण सिंह ने कहा, ''अमेरिका-ईरान बातचीत रुकने के कारण हाजिर सोने की कीमतों में गिरावट आई, जिससे तेल की कीमतें बढ़ गईं।

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोयला कलां खण्ड बापौली, पानीपत**

**बोली सूचना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोयला कलां खण्ड बापौली में बिना छत वाले 3 कंडम कमरों की नीलामी की खुली बोली दिनांक 04.05.2026 को दोपहर 11:30 बजे की जानी निर्धारित की गयी है। इच्छुक बोली दाता मौके पर पहुंचकर बोली दे सकते हैं। बिना छत वाले 3 कंडम कमरे की बोली की न्यूनतम कीमत ₹ 53842/- रखी गई है। बोलीदाता को बोली से पहले धरोहर राशि ₹ 5400/- बोली से पहले मौके पर जमा करवाने होंगे। बोली की शर्तें और नियम मौके पर बताई जाएगी।

प्राचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय
गोयला कलां खण्ड बापौली M. 9215359664

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|
| UMB-Prkg-13-26 | सरसावा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 407.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक विस्तृत पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार) | 08.05.26 15:00:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1405/26

## भारत खरीफ सत्र में यूरिया, अन्य उर्वरक करेगा आयात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने सोमवार को कहा कि इस खरीफ सत्र में 64 लाख टन यूरिया और 19 लाख टन अन्य उर्वरक आयात करने की योजना बनायी जा रही है। यह खरीद योजना ऐसे समय बनायी जा रही है जब पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों के प्रभाव पर अंतर-मंत्रालयी सम्मेलन में उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने कहा कि यूरिया और डाई अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की खुदरा कीमतें अपरिवर्तित रहेंगी और खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है। शर्मा ने कहा, ''यूरिया और डीएपी जैसे उर्वरकों का एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) वही रहेगा। इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।'' यूरिया अभी भी 266.50 रुपये प्रति 45 किलोग्राम के बैग और डीएपी 1,350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम के बैग के हिसाब से बेचा जा रहा है। नियोजित आयात में से, संकट शुरू होने के बाद से 9.4 लाख टन यूरिया पहले ही प्राप्त हो चुका है। संकट के बाद घरेलू यूरिया उत्पादन 35.4 लाख टन तक पहुंच गया है। सरकार ने खरीफ सत्र के दौरान पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 19 लाख टन गैर-यूरिया उर्वरकों के आयात के लिए एक वैश्विक निविदा भी जारी की है। इसमें 12 लाख टन डीएपी, 4 लाख टन ट्रिपल सुपरफॉस्फेट (टीएसपी) और 3 लाख टन अमोनियम सल्फेट शामिल है।

## आभूषणों की बजाय अब निवेश के लिए सोना खरीद रहे भारतीय

**मुंबई (एजेंसी)।** अब अधिक संख्या में भारतीय आभूषणों की तुलना निवेश के लिए सोना खरीद रहे हैं। चालू वित्त वर्ष में ऐसे उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी बढ़कर 40 प्रतिशत तक होने की उम्मीद है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी केयरएज की इस रिपोर्ट के अनुसार कुल सोना की खरीद में आभूषणों की खपत का हिस्सा 2025 में गिरकर 60 प्रतिशत से नीचे आ गया, जबकि लंबी अवधि का औसत 70 प्रतिशत रहा है। केयरएज के निदेशक अखिल गोयल ने कहा कि यह दुनिया के सबसे बड़े स्वर्ण उपभोक्ताओं में एक भारत के सोना खरीदने के प्रतिरूप में एक संरचनात्मक बदलाव को दर्शाता है। गोयल ने कहा, ''भू-राजनीतिक अनिश्चितता, सोने की कीमतों में तेजी और पोर्टफोलियो विविधीकरण की प्राथमिकताएं सोने की निवेश मांग को बढ़ावा देती रहेंगी। वित्त वर्ष 2026-27 में कुल स्वर्ण खपत में निवेश की हिस्सेदारी 35-40 प्रतिशत रहने का अनुमान है।' रिपोर्ट में कहा गया कि 60 प्रतिशत आभूषणों की खपत अभी भी 50 प्रतिशत के वैश्विक औसत से अधिक है। भारत में निवेश की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जिसका नेतृत्व गोल्ड ईटीएफ और बार तथा सिक्कों की खरीद ने किया है। यह अन्य बातों के साथ ही सुरक्षित निवेश की मांग को दर्शाता है।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**HARSIMRAN KAUR KERON**
Civil Judge Junior Division, Bahadurgarh
BELA JAIN W/O LATE MANMOHAN JAIN
Vs.
NEERAJ S/O RAM CHANDER S/O HOSIYAR SINGH
CS-561-25
CNR No. HRJRA0-001062-2025
Next Date:- 26-05-2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
1. NEERAJ S/o Ram Chander S/o Hosiyar Singh Village Garhi Sampla, Tehsil Sampla, District Rohtak
2. KULDEEP S/O SATPAL SAINI S/O DESRAJ R/O 596-D/21, SUKHPURA CHOWK,ROHTAK, DISTT. ROHTAK
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **26.05.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod.=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Civil Judge Junior Division, Bahadurgarh
Dated, this day of 27.04.2026

**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**SPORTS AUTHORITY OF INDIA**
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(मानव संसाधन विभाग)

साई–मुख्य कार्यालय भवन, साई–मुख्यालय,
जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम कॉम्पलैक्स (ईस्ट गेट नं. 10)
लोधी रोड, नई दिल्ली–110003

एफ. नं. 01-04001(01)/13/2024-एचओ-कार्मिक प्रभाग/256 दिनांक : 21.04.2026

**शुद्धिपत्र**

**विषय : नियमित आधार पर असिस्टेंट कोच के पद के लिए आवेदन जमा हेतु अन्तिम तिथि का विस्तार**

एफ. नं. 01-04001(01)/13/2024-एचओ-कार्मिक प्रभाग/237 दिनांक : 25.03.2026 के तहत जारी परिशिष्ट के आंशिक रूपांतरण में, नियमित आधार पर असिस्टेंट कोच के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि एतद द्वारा 05.05.2026 (अप. 05:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। शेष अनुच्छेद वैध रहेंगे।
2. विवरण और आवेदन लिंक युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की वेबसाइट www.yas.nic.in और साई अर्थात www.sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध हैं।


हस्ता/– कार्यकारी निदेशक
(मानव संसाधन विभाग)
भारतीय खेल प्राधिकरण
CBC-47103/11/0005/2627

## राशिफल


**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।


**तुला** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6209




**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -6208 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | | | | मु | का | ब | ला |
| मी | | | त | म | त | मा | ना | | | ज |
| श | व | | न | या | | न | दी | | जी | वा |
| न | र | क | | न | म | क | | ख | रा | ब |
| | दा | म | न | | जा | | न | फा | | |
| | न | | ख | त | | म | न | | म | |
| | | सा | रा | | आ | | द | म | न | |
| अ | ना | र | | र | स | म | | त | ह | री |
| मा | ता | | ल | क | | सौ | त | | र | त |
| न | | | च | म | क | दा | र | | | स |
| त | क | दी | र | | | | ल | ल | का | र |



### दूसरे चरण की 142 सीट पर वोटिंग, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

# बंगाल में थमा प्रचार का शोर, कल उम्मीदवारों की किस्मत पर फैसला

दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार का शोर सोमवार शाम 5 बजे के बाद पूरी तरह बंद हो गया। इस चरण में कुल 1,448 उम्मीदवार मैदान में हैं। अंतिम दिन सभी प्रमुख दलों ने जोरदार प्रचार किया। इस बार प्रचार में महिलाओं से जुड़ा मुद्दा प्रमुखताओं से सभी पार्टियों ने उठाया है। अब 4 मई को सभी चुनावी राज्यों की मतगणना होगी।

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चल रहा चुनावी प्रचार सोमवार शाम समाप्त हो गया। इसके साथ ही 29 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए 142 सीटों पर सियासी सरगर्मी थम जाएगी। इस चरण में कुल 1,448 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चरण में सुरक्षा और मतदान व्यवस्था को लेकर चुनाव आयोग ने व्यापक तैयारियां की हैं।

चुनाव आयोग ने इस बार दूसरे चरण के मतदान के लिए करीब 16,000 केंद्रीय कर्मचारियों को पीठासीन अधिकारी और पोलिंग अधिकारी के रूप में तैनात करने का फैसला लिया है। ये सभी स्थायी केंद्रीय कर्मचारी होंगे। आयोग का कहना है कि इस कदम से मतदान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जा सकेगा।

**खास बातें**

- सार्वजनिक रैलियों और राजनीतिक प्रचार पर लगी रोक
- 4 मई को सभी चुनावी राज्यों की होगी मतगणना



### 16,000 केंद्रीय कर्मियों और 2,231 सुरक्षा कंपनियां तैनात

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कुल 2,231 केंद्रीय बलों की कंपनियां तैनात की जाएंगी। अकेले कोलकाता में ही 237 कंपनियां लगाई जाएंगी, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके।चुनाव आयोग ने लापरवाही और पक्षपात के आरोपों के चलते हिंगलगंज थाना और डायमंड हार्बर पुलिस जिले में तैनात कुछ पुलिस अधिकारियों को हटाकर नए अधिकारियों की नियुक्ति की है। आयोग ने साफ निर्देश दिया है कि मतदाताओं को धमकाने या डराने की किसी भी कोशिश पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

### मतदान के दिन मौसम भी चुनौती

### 29 को कई जिलों में आंधी-तूफान-बारिश की संभावना



मौसम विभाग ने 29 अप्रैल को कई जिलों में आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई है। कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, नदिया और पूर्व बर्द्धमान जिलों में मौसम खराब रह सकता है, जिससे मतदान प्रक्रिया पर असर पड़ने की आशंका है।

### दिग्गजों की जोरदार मौजूदगी

इस चरण में भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रचार किया, जबकि तृणमूल कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी ने मोर्चा संभाला। अन्य दलों के नेताओं ने भी चुनावी माहौल को गर्माया।

### प्रचार के आखिरी दिन पीएम ने उत्तर 24 परगना की रैली में कहा

## बंगाल का माहौल भाजपा की जीत का संकेत दे रहा, शपथ ग्रहण समारोह में फिर आऊंगा

भाषा ▶▶ कोलकाता



प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को विश्वास जताया कि विस चुनाव के बाद भाजपा पश्चिम बंगाल में अगली सरकार बनाएगी और चार मई को परिणाम घोषित होने के बाद वह शपथ ग्रहण समारोह के लिए फिर आएंगे। मोदी विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के तहत प्रचार के आखिरी दिन उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल पर तीखा हमला करते हुए उस पर 'सिंडिकेट राज' चलाने, राजनीतिक हिंसा करने और राज्य में आर्थिक पिछड़ेपन का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि "पश्चिम बंगाल में मैंने जो माहौल महसूस किया है, उससे मैं कह सकता हूं कि चार मई के बाद भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में मुझे फिर से आना होगा।" इस पर भीड़ ने जोरदार तालियां बजाईं। बैरकपुर के ऐतिहासिक महत्व का जिक्र करते हुए, मोदी ने कहा कि इस भूमि ने 1857 में पहले स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### बंगाल में चुनावों के दौरान 500 करोड़ रुपये से ज्यादा की जब्ती

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि 2026 में फरवरी से 27 अप्रैल तक 510 करोड़ से ज्यादा की जब्ती की गई है। इनमें 30 करोड़ कैश, 126.85 करोड़ की शराब, 110.12 करोड़ की ड्रग्स, 58.28 करोड़ की कीमती धातु और 184.85 करोड़ के फ्रीबीज और अन्य सामान शामिल हैं। आयोग ने बताया कि यह आंकड़ा 2021 के चुनाव (339 करोड़) से काफी ज्यादा है। चुनाव आयोग ने बंगाल में 2,728 फ्लाइंग स्क्वॉड और 3,142 सर्विलांस टीम तैनात की हैं। अवैध शराब और अन्य प्रलोभनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा, प्रवर्तन एजेंसियों ने 184.85 करोड़ रुपये मूल्य की मुफ्त वस्तुएं भी जब्त की हैं। बंगाल, केरल, असम, पुडुचेरी और तमिलनाडु में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 15 मार्च को की गई थी, जबकि मतगणना 4 मई को होगी।

- यह आंकड़ा 2021 के चुनाव (339 करोड़) से काफी ज्यादा
- बंगाल में 2,728 फ्लाइंग स्क्वॉड और 3,142 सर्विलांस टीम तैनात

### केंद्र ने डीजीपी सिद्ध नाथ गुप्ता की सेवा छह माह के लिए बढ़ाई



**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सिद्ध नाथ गुप्ता की सेवा को 30 अप्रैल को उनकी निर्धारित सेवानिवृत्ति तिथि से छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को जारी एक आदेश से यह जानकारी मिली। निर्वाचन आयोग ने 1992 बैच के आईपीएस के अधिकारी गुप्ता को 16 मार्च को राज्य का डीजीपी और आईजीपी नियुक्त किया था। गुप्ता 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने वाले थे। पीयूष पांडे को डीजीपी पद से हटाने के एक दिन बाद गुप्ता की नियुक्ति की गई थी। आयोग ने कहा था कि राज्य में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के बाद अधिकारियों को हटाने का फैसला लिया गया था। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने जनहित में सेवा नियमावली, 1958 के नियम 16(1) में छूट देते हुए पश्चिम बंगाल के डीजीपी एवं आईजीपी सिद्ध नाथ गुप्ता की सेवा को 30 अप्रैल के बाद छह महीने के लिए बढ़ाने के गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद और सात दिन तक केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात रहेंगे: शाह

भाषा ▶▶ कोलकाता



चुनावी प्रचार के आखिरी दिन गृहमंत्री अमित शाह ने चंदननगर में रोड शो किया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने पर भी कम से कम सात दिन तक केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। उन्होंने मतदाताओं से बिना डर के वोट डालने की अपील की। शाह बेहाला में रोड शो का नेतृत्व करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाइयों और बहनों, 29 तारीख को जाकर वोट डालें, गुंडों से डरने की जरूरत नहीं है। निर्वाचन आयोग ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं और मैं आपको बता दूं कि भले ही भाजपा सत्ता में आए, केंद्रीय बल यहां सात दिन तक तैनात रहेंगे। बेहाला पूर्व और बेहाला पश्चिम सीट से भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार के अंतिम दिन यह रोड शो आयोजित किया गया।

- केंद्रीय गृह मंत्री ने बेहाला में रोड शो के बाद जनसभा भी की

## मां माटी मानुष की लहर, सिर्फ वक्त का इंतजार: ममता बनर्जी



दूसरे चरण की वोटिंग से पहले मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने अपनी पार्टी की जीत को लेकर बड़ा दावा किया है। सोमवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए ममता ने कहा कि मां, माटी, मानुष की जीत अब भविष्यवाणी नहीं, बल्कि सिर्फ समय की बात है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आयोजित पदयात्राओं और जनसभाओं में आम लोगों का जबरदस्त उत्साह, स्नेह और भावनात्मक समर्थन देखकर वह बेहद प्रभावित हुई हैं। ममता ने कहा कि पश्चिम बंगाल सदियों से सौहार्द, संस्कृति और सभ्यतागत गौरव का प्रतीक रहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा बंगाल की जागरूक और एकजुट जनता लोकतांत्रिक जवाब देगी।

## 24 परगना व हावड़ा की 91 सीटें बंगाल की सत्ता का फैसला करेंगी

**कोलकाता (भाषा)।** बंगाल के चुनावी परिदृश्य में उत्तरी बंगाल की पहाड़ियों या जंगलमहल के वनक्षेत्र की सरकार बनाने में भूमिका बहुत कम होती है। यहां आमतौर पर सत्ता का फैसला दक्षिणी बंगाल के घनी आबादी वाले मैदानी इलाकों से होता है। उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिले इस चुनावी जंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। यह दोनों जिले कोलकाता और हावड़ा के साथ तृणमूल कांग्रेस का सबसे मजबूत गढ़ है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए यह सत्ता हासिल करने का महत्वपूर्ण रास्ता है। भाजपा सत्तारूढ़ पार्टी के दक्षिणी गढ़ में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, जिसके साथ दो सबसे बड़े जिले - 33 सीट वाला उत्तर 24 परगना और 31 सीट वाला दक्षिण 24 परगना - एक बार फिर बंगाल के चुनाव जीतने की कुंजी साबित होंगे। कोलकाता की 11 सीट और हावड़ा की 16 सीट के साथ, ये चार जिले बंगाल विधानसभा की 294 सीट में से 91 सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं - जो सदन का लगभग एक तिहाई हिस्सा होने के कारण 2026 के चुनावों में सबसे निर्णायक क्षेत्र बन जाते हैं। उत्तर और दक्षिण 24 परगना उस मुकाबले का केंद्र बने हुए हैं - जिसे बंगाल के राजनेता अक्सर "बंगाल के उत्तर प्रदेश का चुनावी नक्शा" कहते हैं। यह वह क्षेत्र है जो राज्य सचिवालय नबान्न में सत्ता बना या बिगाड़ सकता है। प्रेसिडेंसी प्रभाग में कोलकाता, हावड़ा, नादिया, उत्तर और दक्षिण 24 परगना शामिल है तथा यहां 111 सीट है, जो तृणमूल का सबसे मजबूत गढ़ बना हुआ है।

### खबर संक्षेप

### गूगल मैप ने उन्नाव की जगह बरेली पहुंचा दिया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गूगल मैप्स के गलत निर्देश के कारण एक यात्री के उन्नाव के बजाय बरेली पहुंचने का मामला सामने आया है। यह घटना मैपिंग में गलतियों को उजागर करती है। प्रीति नाम की युवती को उन्नाव जाना था, लेकिन गलत लोकेशन के कारण वह बरेली पहुंच गई।

### लद्दाख में 5 नए जिले बनाने को मिली मंजूरी



**लद्दाख।** एलजी विनय कुमार सक्सेना नेलद्दाख में 5 नए जिलों के गठन को मंजूरी दे दी है। केंद्र शासित प्रदेश में अब जिलों की संख्या बढ़कर 7 हो गई है। इसे लोगों की मांग को पूरा करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है। इनमें नुब्रा, शम, चांगथांग, जांस्कर और द्रास शामिल हैं।

### पहाड़ से पलायन रोकने की है 'मॉडल' में ताकत

## पतंजलि ने दिखाई 'चंदन वन' की राह, करिश्मे से योगी भी हैरान



**हरिद्वार।** देश में चंदन की खेती लंबे समय तक दक्षिण भारत तक सीमित मानी जाती रही, लेकिन अब यह धारणा बदल रही है। उत्तराखंड में पतंजलि की ओर से विकसित 'चंदन वन' मॉडल ने साबित किया है कि अनुकूल परिस्थितियों में उत्तर भारत में भी चंदन की सफल खेती संभव है। प्रदेश के कई जिलों में इसके सकारात्मक उदाहरण सामने आ चुके हैं। हरिद्वार स्थित पतंजलि के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने करीब दो दशक पहले चंदन की खेती पर प्रयोग शुरू किए थे। उस समय उत्तर भारत में इसकी खेती लगभग न के बराबर थी। पतंजलि के रिसर्च सेंटर और औषधीय उद्यान में लगाए गए चंदन के पौधों पर किए गए अध्ययन में सकारात्मक परिणाम मिले, जिसके बाद राज्य के कई जिलों में किसानों व निजी संस्थाओं ने इस मॉडल को अपनाना शुरू कर दिया।

### योगी को आचार्य बालकृष्ण ने इलाका दिखाया

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पैतृक क्षेत्र यमकेश्वर पहुंचे, जहां आचार्य बालकृष्ण ने उन्हें वह इलाका दिखाया। यह वही भूमि थी, जिसे पहले अनुपयोगी और बंजर माना जाता था, लेकिन अब वहां 'चंदन वन' और घनी हरियाली विकसित हो चुकी थी। इस परिवर्तन को देखकर योगी आदित्यनाथ कुछ क्षणों के लिए ठिठक गए, रोमांचित हो उठे और अचंभित रह गए। उन्होंने कहा कि जहां कभी कुछ उगता नहीं था, वहां आज इतनी समृद्ध हरियाली देखना अविश्वसनीय है। आचार्य बालकृष्ण ने इस उदाहरण के माध्यम से बताया कि यदि इस मॉडल को व्यापक स्तर पर अपनाया जाए, तो न केवल बंजर भूमि को उपयोगी बनाया जा सकता है, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। चंदन की खेती कम भूमि में की जा सकती है।

### उत्तर भारत के कई इलाकों में अभी से दिखा गर्मी का रौद्र रूप

## बांदा देश में दूसरे दिन भी 'जला', कानपुर में टूटा 56 वर्ष का रिकॉर्ड, पारा 50 तक जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। रविवार को उत्तर प्रदेश के बांदा में 46.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो देश में सर्वाधिक गर्म रहा। एक दिन पहले भी 47.7 डिग्री पारे के साथ बांदा तप रहा था। मौसम विभाग के अनुसार 27 अप्रैल को भी अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के आसपास है, जबकि न्यूनतम पारा 27 डिग्री सेल्सियस के करीब है। अगले छह दिनों में भी पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आने के आसार नहीं हैं। मौसम में बदलाव के भी आसार है, जिससे अधिकतम पारे में कुछ गिरावट जरूर आ सकती है। कानपुर में अप्रैल में पड़ रही गर्मी ने 56 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के मौसम विभाग में उपलब्ध अप्रैल के आंकड़ों के मुताबिक 26 अप्रैल को पारा सबसे अधिक 44.1 डिग्री पर पहुंचा।



- मौसम विभाग के अनुसार यहां 46 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा पारा
- महाराष्ट्र तक बरस रही आग, ओडिशा में भी तापमान बढ़ा

### तापमान बढ़ने की संभावना: आईएमडी

देश में बढ़ती गर्मी को लेकर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी दी है कि कई जिलों में तापमान और बढ़ सकता है। लोगों की सेहत पर असर पड़ने का खतरा भी बढ़ गया है। डॉक्टरों का कहना है कि ज्यादा गर्मी में शरीर जल्दी पानी और जरूरी नमक खो देता है, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकती है। इससे चक्कर आना, कमजोरी, मांसपेशियों में दर्द और गंभीर स्थिति में हीट स्ट्रोक तक हो सकता है।



### सिक्किम पहुंचे मोदी, गंगटोक में रोड शो

- प्रधानमंत्री आज 4000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे
- राज्य के 50वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे

**गंगटोक।** पीएम मोदी सोमवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक पहुंचे। जिसके बाद लिबिंग हेलिपैड से गवर्नर हाउस (लोक भवन) तक उनका रोड शो निकला। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग पुहंचे सड़क के दोनों ओर खड़े लोग मोदी-मोदी के नारे लगा रहे थे। मोदी दो दिवसीय सिक्किम दौरे पर हैं। मंगलवार को वे राज्य के 50वें स्थापना दिवस समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे और 4000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। 16 मई 2025 को सिक्किम को राज्य बने 50 साल पूरे हुए थे। तब पीएम वर्चुअली 50वें स्थापना दिवस समारोह से जुड़े थे। मंगलवार को एक साल से चल रहे समारोह का समापन होगा।

### सूरत में मेरठ जैसा हत्याकांड: बॉक्स में छिपाई लाश, पति ही कातिल



**सूरत।** शहर के सलाबतपुरा इलाके से मेरठ जैसा कांड सामने आया है। हालांकि इस हत्याकांड में दो चीजें बदली हुई हैं। यहां मुस्कान की तरह पत्नी ने नहीं बल्कि पति ने घटना को अंजाम दिया और नीले ड्रम की जगह लकड़ी के बॉक्स में पत्नी की लाश को छिपाया। इसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। पति विशाल सालवी ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर अपराध को छिपाने के लिए बेहद शातिर तरीका अपनाया। उसने 20 अप्रैल को अपनी पत्नी और पेशे से डायटीशियन शिल्पा की घरेलू विवाद के चलते हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को छिपाने के लिए एक लकड़ी का बॉक्स तैयार किया और शव रखकर ऊपर से मोटी सीमेंट की परत चढ़ा दी, ताकि बदबू बाहर न आए और किसी को शक न हो। 20 अप्रैल को घरेलू झगड़े के दौरान विशाल ने शिल्पा की हत्या कर दी थी।

### अभिनेता राष्ट्रीय महिला आयोग पहुंचे

### 'सरके चुनर' मामले में संजय ने मांगी माफी



**नई दिल्ली।** फिल्म 'केडी' का गाना 'सरके चुनर' काफी विवादों में रहा है। इसके सीन्स और लिरिक्स पर लोगों ने विरोध जताया, जिसके बाद यूट्यूब से इसे हटा लिया गया। मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने संजय दत्त को समन जारी किया था। दत्त सोमवार को सुनवाई में शामिल होने के लिए दिल्ली के जसोला स्थित राष्ट्रीय महिला आयोग पहुंचे।

### फैंटम गैस के रिसाव से बढ़ा खतरा

# समुद्र में होने वाला मीथेन का रिसाव तेजी से बढ़ा रहा तापमान

सेंट्रल डेस्क ▶▶ रोहतक

समुद्र के बीचों-बीच फैंटम गैस लीकेज के प्रमाण मि जो पृथ्वी की जलवायु के विनाश को तेजी से बढ़ा सकता है। यह हाल ही में खोजा गया समुद्री गैस रिसाव है, जिसमें मुख्य रूप से समुद्र की तलहटी से निकलने वाली मीथेन गैस शामिल है। समुद्री मीथेन उत्सर्जन, समुद्र के नीचे होने वाले उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन (से जुड़े फीडबैक लूप का अध्ययन करने वाले विशेषज्ञों ने इस बात पर चिंता जताई है कि यह वैश्विक तापमान को पहले से कहीं तेज गति से बढ़ा सकता है। यह खोज दुनिया भर में बेहतर समुद्री निगरानी, जलवायु मॉडलिंग और उत्सर्जन ट्रैकिंग तकनीकों की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

**मीथेन एक अत्यंत शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस**



### फैंटम गैस लीक क्या है?

*फैंटम गैस लीक्स उन गैसों के उत्सर्जन को कहा जाता है जिनका स्रोत स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाता। इस मामले में वैज्ञानिकों ने खुले समुद्र के उन क्षेत्रों से वातावरण में असामान्य रूप से अधिक मात्रा में मीथेन निकलते हुए पाई है, जो किसी भी औद्योगिक गतिविधि जैसे तेल या गैस ड्रिलिंग से दूर हैं। यह खोज सैटेलाइट तकनीक और गहरे समुद्र में लगाए गए सेंसरों की मदद से की गई। यूनिवर्सिटी ऑफ सरे के स्कूल ऑफ केमिस्ट्री एंड केमिकल इंजीनियरिंग द्वारा किए गए एक शोध में बताया गया है कि ऐसे क्षेत्रों से असामान्य मीथेन के गुबार देखे गए हैं, जिन्हें भूगर्भीय रूप से स्थिर माना जाता था। शोधकर्ताओं के अनुसार, ये उत्सर्जन समुद्र तल के नीचे मौजूद मीथेन हाइड्रेट्स के टूटने के कारण हो सकते हैं। वैज्ञानिकों ने कहा कि अब हम उन जगहों पर समुद्र की तलहटी से मीथेन के बुलबुले उठते देख रहे हैं, जहां इसकी उम्मीद नहीं थी। इससे संकेत मिलता है कि बढ़ता समुद्री तापमान इन उत्सर्जनों का कारण हो सकता है।*

### जलवायु परिवर्तन के लिए क्यों खतरनाक है?

मीथेन एक अत्यंत शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है, जिसका वैश्विक ताप बढ़ाने का प्रभाव 100 वर्षों में कार्बन डाई ऑक्साइड की तुलना में 25 गुना अधिक होता है। समुद्र तल से मीथेन का वातावरण में रिसाव ग्लोबल वार्मिंग को काफी बढ़ा सकता है। सबसे बड़ी समस्या इसकी अनिश्चितता है। औद्योगिक उत्सर्जन को मापा और नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन समुद्र के गर्म होने से होने वाले प्राकृतिक उत्सर्जन एक स्व-प्रेरित चक्र बनाते हैं। जितना समुद्र गर्म होगा, उतने अधिक मीथेन हाइड्रेट्स अस्थिर होंगे और अधिक मीथेन बाहर निकलेगी, जिससे तापमान और बढ़ेगा।

### निगरानी में कमी और छिपे खतरे

इस खोज का एक चिंताजनक पहलू यह है कि यह रिसाव लंबे समय तक पता ही नहीं चला। वर्तमान में उत्सर्जन की निगरानी प्रणाली मुख्यतः जमीन और औद्योगिक स्रोतों पर केंद्रित है। वैज्ञानिकों ने सुझाव दिया है कि सैटेलाइट और अंडरवॉटर ड्रोन जैसी तकनीकों के जरिए समुद्री निगरानी को बेहतर बनाया जाए, अन्यथा ऐसे उत्सर्जन छिपे रह सकते हैं और ग्रीनहाउस गैसों को बढ़ाते रहेंगे। इस तरह के रिसाव यह भी संकेत देते हैं कि वैश्विक कार्बन बजट का आकलन कम हो सकता है।

### भविष्य के लिए क्या संकेत हैं?

इस फैंटम गैस लीकेज की खोज वैश्विक जलवायु नीतियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह दर्शाता है कि पृथ्वी की जलवायु प्रणाली कितनी जटिल है और अज्ञात कारक जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के प्रयासों को प्रभावित कर सकते हैं। यह घटना यह भी साबित करती है कि तापमान वृद्धि को सीमित करना अत्यंत जरूरी है, क्योंकि मामूली बढ़ोतरी भी बड़े प्रभाव डाल सकती है। जैसे-जैसे वैज्ञानिक अध्ययन आगे बढ़ रहा है, एक बात स्पष्ट होती जा रही है कि महासागर अब तक जलवायु परिवर्तन से रक्षा करने वाले माने जाते थे, लेकिन वे अपने भीतर ऐसे छिपे खतरे भी समेटे हुए हैं जो भविष्य में गंभीर परिणाम ला सकते हैं।

भारतीय खेल प्राधिकरण SAI
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(मानव संसाधन प्रभाग - II)
(Human Resources Division -II)
मुख्यालय, गेट संख्या-10 (पूर्वी द्वार),
जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम,
लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003
फाइल सं.: 01-04001(03)/4/2026-66 दिनांक: 21-04-2026

**भारतीय खेल प्राधिकरण में उप निदेशक (प्रतिनियुक्ति आधार) पदों हेतु भर्ती**

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, अपने मुख्यालय, नई दिल्ली तथा विभिन्न क्षेत्रीय इकाइयों में 03 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति आधार पर वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 में उप निदेशक के 20 पदों हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। पात्र अधिकारी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन आवश्यक अभिलेखों सहित निदेशक (मानव संसाधन प्रभाग-II), SAI, जे.एन. स्टेडियम परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को प्रेषित कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 21-05-2026 (सायं 5:00 बजे) है। विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, आवेदन प्रपत्र तथा अन्य निर्देश SAI की वेबसाइट (www.sportsauthorityofindia.nic.in) पर उपलब्ध होंगे।
CBC-47103/11/0006/2627

चिंतन

# अमेरिका-ईरान वार्ता में पाक की खुली पोल

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने खुद को मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश जरूर की, लेकिन हालिया घटनाक्रम ने उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ईरानी सांसदों ने पाकिस्तान को दो टूक कह दिया कि उन्हें उस पर भरोसा नहीं है। पाकिस्तान अमेरिका के पिट्ठू की तरह काम कर रहा है। यही बात पहले ईरानी मीडिया भी कह चुका है। ईरान का खुले तौर पर पाकिस्तान पर अविश्वास जताना यह संकेत देता है कि इस्लामाबाद की कूटनीतिक भूमिका अब संदेह के घेरे में है। जिस वार्ता को पाक अपने लिए वैश्विक स्तर पर एक अवसर के रूप में देख रहा था, वही उसके लिए असहज स्थिति का कारण बनती दिख रही है। पाकिस्तान में होने वाली दूसरे दौर की वार्ता जिस तरह से शुरू होने से पहले ही रद्द हो गई। उसने साफ संकेत दे दिया है कि अब पाकिस्तान फंसने वाला है। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भाषा बोल रहे हैं। उससे ईरानी वार्ताकारों के मन में संशय होना अनायास नहीं है। वार्ता के बीच में ट्रंप का मुनीर की प्रशंसा करना स्पष्ट रूप से दिखाता है पाकिस्तान ट्रंप को किसी भी हाल में नाराज नहीं कर सकता। हालांकि इस वार्ता में पाक की हैसियत एक डाकिये से अधिक नहीं रही है। वह सिर्फ अमेरिका के प्रस्ताव को ईरान के समक्ष और ईरान के प्रस्ताव को अमेरिका समक्ष रखने का ही काम कर रहा है। अनेक विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान का समझौता करवाने के लिए बीच में कूदना कहीं न कहीं अमेरिका से ही प्रेरित है। अब देर सबेर उसकी पोल खुलना तय है। ट्रंप जैसे व्यक्ति के साथ किसी भी तरह के समझौते पर पहुंचना आसान नहीं है। उधर, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शरण में पहुंच गए हैं। अगर पुतिन इस समझौते को आगे बढ़ाने के लिए राजी होते है तो शायद इसका समाधान निकल सकता है। हालांकि ट्रंप के व्यवहार को देखते हुए दुनिया के तमाम समझदार देश इससे दूर ही रहेंगे। दरअसल, किसी भी अंतरराष्ट्रीय वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका तभी प्रभावी होती है जब दोनों पक्ष उस पर समान रूप से भरोसा करें। यहां पाकिस्तान इस कसौटी पर खरा उतरता नजर नहीं आ रहा। ईरान का यह आरोप कि पाकिस्तान अमेरिका के प्रभाव में काम कर रहा है, कोई नई बात नहीं है, लेकिन अब यह आरोप खुलकर सामने आना स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के बयानों और रुख ने भी इस धारणा को मजबूत किया है कि इस्लामाबाद स्वतंत्र कूटनीतिक रुख अपनाने में असफल रहा है। कूटनीति में संतुलन और स्वायत्तता बेहद जरूरी होती है, और यही वह क्षेत्र है जहां पाकिस्तान पिछड़ता दिख रहा है। दूसरी ओर, ईरान ने भी अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। वह किसी भी प्रकार के दबाव में आने को तैयार नहीं है और अपनी शर्तों पर ही वार्ता चाहता है। ऐसे में रूस जैसे देशों की ओर उसका झुकाव यह संकेत देता है कि वैश्विक शक्ति संतुलन में नए समीकरण बन रहे हैं। यदि रूस इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाता है, तो पाकिस्तान की भूमिका और भी सीमित हो सकती है। इस पूरे परिदृश्य से एक बड़ी सीख यह मिलती है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में केवल पहल करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि विश्वसनीयता और संतुलन बनाए रखना उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। पाकिस्तान ने जल्दबाजी में खुद को एक बड़े मंच पर लाने की कोशिश की, लेकिन तैयारी और भरोसे की कमी ने उसकी स्थिति कमजोर कर दी।



अपराध


मनोज कुमार अग्रवाल

# लव जिहाद का क्राइम सिंडिकेट

**महाराष्ट्र के अमरावती जिले में 180 नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद अब इस पर सियासत भी गरमा गई है। भाजपा ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है। भाजपा नेताओं ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसआईटी जांच की मांग की है। आरोपी मोहम्मद अयाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, नासिक में भी सामने आए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामले ने उद्योग जगत को झकझोर कर रख दिया है। जरूरत है ऐसे मामलों में सख्त सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाए।**

हाल ही में देश के तीन अलग-अलग शहरों में धर्मांतरण और लव जिहाद के मामले सामने आ रहे हैं। नासिक, अमरावती और सूरत से पुलिस ने एक ही पैटर्न पर लवजेहाद का खुलासा है। इन मामलों में पुलिस कार्रवाई कर रही है। धर्मांतरण और लव जिहाद मामलों में पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ा जा रहा है। इनके नेटवर्क तक पहुंचने का प्रयास हो रहा है। क्या विदेशी कनेक्शन भी है? इसको भी जांच हो रही है। महाराष्ट्र के अमरावती जिले से बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, 180 नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद अब इस पर सियासत भी गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है। भाजपा नेताओं ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसआईटी जांच की मांग की है।

अमरावती पुलिस ने मोहम्मद अयाज नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अयाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, खासकर व्हाट्सएप और स्नैपचैट के जरिए नाबालिग लड़कियों को अपने जाल में फंसाया। जांच में पता चला है कि आरोपी ने कम से कम 180 लड़कियों का यौन शोषण किया और उनके 350 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड किए। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया है, जिसमें भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री मिली है। आरोपी फिलहाल सात दिनों की पुलिस हिरासत में है। अमरावती के अलावा नागपुर और परतवाड़ा जैसी जगहों की लड़कियों को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस पूरे मामले की गहराई से जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने की अपील की है। वहीं, भाजपा विधायक देवयानी फरांदे ने कहा कि आईटी कंपनियों में महिलाओं के साथ अत्याचार और उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की खबरें आ रही हैं, जो चिंताजनक है। उधर महाराष्ट्र के नासिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के नासिक यूनिट में सामने आए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामले ने उद्योग जगत को झकझोर कर रख दिया है। मामले की मुख्य आरोपी निदा खान को सत्र न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। वहीं, नासिक पुलिस ने उसकी धरपकड़ के लिए जाल बिछा दिया है। पुलिस के अनुसार, इस पूरे मामले में निदा खान की भूमिका बेहद संदेहास्पद है। उस पर कर्मचारियों के जबरन धर्मांतरण में शामिल होने का गंभीर आरोप है। दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक, आरोपी दानिश शेख ने पीड़िता का परिचय तौसीफ और निदा से कराया था। आरोप है कि ये लोग हिंदू देवी-देवताओं और धार्मिक प्रतीकों, विशेषकर शिवलिंग, भगवान कृष्ण और द्रौपदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते थे, जिससे पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर धर्मांतरण के लिए उकसाया जा सके। फरार निदा खान ने अपनी दो महीने की गर्भावस्था का हवाला देते हुए गिरफ्तारी से सुरक्षा मांगी थी। हालांकि, सोमवार को कोर्ट ने उसे कोई राहत नहीं दी और अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है। जांच में सामने आया है कि इस शोषण का शिकार होने वाली अधिकांश युवतियां



मध्यमवर्गीय परिवारों से हैं, जिनकी उम्र 21 से 30 वर्ष के बीच है और वेतन लगभग 20,000 रुपये प्रतिमाह है। दूसरी ओर, टीसीएस ने स्पष्ट किया है कि कंपनी ने उत्पीड़न के आरोपों में शामिल कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। हालांकि, कंपनी का यह भी कहना है कि उन्हें आंतरिक चैनलों के माध्यम से ऐसी कोई शिकायत पहले प्राप्त नहीं हुई थी। फिलहाल, नासिक पुलिस की एसआईटी कुल नौ एफआईआर की जांच कर रही है, जिसमें छेड़छाड़, मानसिक प्रताड़ना और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। गुजरात में सूरत के इच्छापोर इलाके में एक नाबालिग हिंदू लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। 'लव जिहाद' जैसे इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें मुख्य आरोपी मुस्लिम युवक है और उसकी मदद करने वालों में तीन मुस्लिम और एक हिंदू युवक शामिल है। सोशल मीडिया के जरिए नाबालिक हिंदू युवती को फंसाया गया था और फिर होटल में ले जाकर मुख्य आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया था। इच्छापोर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इच्छापुर गांव में रहने वाले एक श्रमिक परिवार की कक्षा 12 में पढ़ने वाली नाबालिग बेटी को आरोपी मोहम्मद साजिद उर्फ अहद मोहम्मद जावेद पठान ने सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर अपने प्रेम जाल में फंसाया था। प्रेम का नाटक कर वह उसे बहला फुसलाकर एक होटल में ले गया। यहां उसने उसके साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। जब इस बात की जानकारी लड़की के परिवार को हुई, तो वे तुरंत इच्छापोर पुलिस स्टेशन पहुंचे और मामला दर्ज कराया। उधर आरोपी पुलिस द्वारा पकड़े जाने की भनक लगते ही अपने पैतृक स्थान बिहार भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पहचान छिपाने के लिए मुख्य आरोपी मोहम्मद साजिद ने अपने मित्र अभय कुमार शर्मा की मदद ली थी। अभय ने मोबाइल एडिटिंग ऐप के जरिए साजिद के आधार कार्ड में नाम बदलकर 'अभिषेक गुप्ता' (एक हिंदू नाम) कर दिया था ताकि होटल में कोई दिक्कत न हो। इसी फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर उसने होटल में कमरा बुक किया और लड़की के साथ बलात्कार किया था। यहां बता दें कि लव जिहाद वाली शादियों पर रोक लगाने की तैयारी शुरू हो गई। अपनी पहचान छिपाकर या माता-पिता को अंधेरे में रखकर शादी करना आसान नहीं होगा। इसकी इनिशिएटिव गुजरात से हुई है। राज्य सरकार ने इसके खिलाफ विधान सभा में कानून लाने की तैयारी की रही है। वहीं, हाल के दिनों में कई शहरों से जिम ट्रेनरों द्वारा महिलाओं को प्रेम जाल में फंसाकर शोषण, ब्लैकमेलिंग और जबरन वसूली के मामले सामने आए हैं। ये घटनाएं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। बीते दिनों सूरत के पाल इलाके में एक सनसनीखेज मामला सामने आया। सिटीलाइट स्थित 'पूजा एल1' जिम के 42 वर्षीय ट्रेनर शब्बीर टूंकवाला पर एक 45 वर्षीय विवाहित महिला को प्रेम जाल में फंसाने, निजी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख की फिरौती मांगने और उसके पति पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इस तरह की तमाम वारदातों की इन दिनों झड़ी लगी हुई है लगातार देश के तमाम शहर कस्बों में एक समुदाय विशेष के शोहदे हिन्दू लड़कियों को तरह तरह से फंसा कर ब्लैक मेल कर न सिर्फ उनके धर्मांतरण का खेल खेल रहे हैं वरन अनेक मामले में उन्हें ब्लेकमेल कर अवैध देह के धंधे में धकेल दिया जाता है। सरकार को लवजेहाद और धर्मांतरण के लिए सक्रिय तमाम मजहबी फिरकापरस्त लोगों के नियंत्रण के लिए और अधिक सख्ती करनी होगी, वहीं हिन्दू समाज को भी अपनी लड़कियों को आगाह कर जागरूक करना होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क

डॉ. मोनिका शर्मा




# मनोसामाजिक जोखिमों से बचना भी आवशयक

दुनिया के हर हिस्से में लोग कार्यस्थल पर कई जोखिमों का सामना करते हैं। कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं के अलावा कहीं कामकाजी दुनिया की स्थितियां शारीरिक स्वास्थ्य के लिए घातक होती हैं तो कहीं मानसिक सेहत के खतरा बनती हैं। इसी के चलते अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं, बीमारियों और मौतों को कम करने के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य को संबोधित विशेष दिवस मनाया जाता है। 2003 से प्रतिवर्ष मनाया जा रहा 'वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क' असल में एक अंतरराष्ट्रीय मुहिम है। जिसके अंतर्गत हर वर्ष 28 अप्रैल को कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं और बीमारियों को रोकने के लिए सुरक्षित और स्वस्थ परिवेश बनाने के लिए जागरूकता लाने का काम किया जाता है। यह दिन श्रमिकों के कल्याण और व्यावसायिक स्थल पर स्वास्थ्य सहेजने से जुड़े उनके मौलिकअधिकार के रूप में भी रेखांकित किया जाता है। साथ ही व्यवसायिक संगठनों को सुरक्षा संस्कृति अपनाने और जोखिमों को प्रबंधित करने हेतु सजग रहने का संदेश भी देता है। चिंतनीय है कि हमारे देश में बहुत क्षेत्रों में लोग असुरक्षित स्थितियों में काम करते हैं। पटाखा फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों से लेकर सीवेज सफाईकर्मियों तक, आए दिन हादसों का शिकार होते हैं। गौरतलब है कि हमारे देश में कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य का प्रबंधन अब व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता, 2020 के अंतर्गत आता है। यह कारखाना अधिनियम 1948 सहित 13 श्रम कानूनों को एकीकृत रूप है, जिसका उद्देश्य कार्यस्थलों को सुरक्षित, समावेशी और उत्पादक बनाना है। विशेषकर कारखाने, खदानों, गोदी श्रमिक यानि बंदरगाहों पर काम करने वाले कर्मचारी और मजदूर एवं निर्माण कार्य में श्रमिक उच्च जोखिम की स्थितियों में काम करते हैं। ऐसे कुछ विशेष क्षेत्रों में कार्यस्थल पर खतरे की पहचान, सुरक्षा उपकरण और स्वास्थ्य-सुरक्षा नीति का पालन करने जैसे विशेष प्रावधान हैं। साथ ही नई संहिता के तहत 50 से अधिक श्रमिकों वाले संस्थानों में महिला कर्मचारियों के लिए शिशुगृह की सुविधा भी अनिवार्य है। बावजूद इसके नियमों का पालन न करने से कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं में जान और माल दोनों का नुकसान होता है। हर साल 23 लाख से अधिक लोग कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं या बीमारियों के कारण जान गंवाते हैं। कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं और व्याधियों की वजह से वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 4 से 6 प्रतिशत हिस्से का आर्थिक नुकसान भी होता है। बीते कुछ बरसों में दूर-दराज़ के कारखानों से लेकर महानगरों के सुविधासम्पन्न दफ्तरों तक, कर्मचारियों-मजदूरों की मन की सेहत बिगड़ने के मामले भी बढ़े हैं। ज्ञात हो कि कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस के लिए 2026 का विषय आइए एक स्वस्थ मनोसामाजिक कार्य वातावरण सुनिश्चित करें ही है। असल में व्यक्ति के मानसिक-भावनात्मक एवं सामाजिक पहलुओं के बीच के गहरा संबंध होता है। मनोसामाजिक विषय मानसिक, भावनात्मक, पर्यावरण और समाज सब कुछ समेटे होता है। ऐसे में यह थीम किसी व्यक्ति की भावनाओं, विचारों और व्यवहार पर पड़ने वाले आस-पास के सामाजिक परिवेश के असर की ओर ध्यान खींचती है। साथ ही मनोसामाजिक विषय यह भी समझाता है कि साथ काम करने वाले लोगों, रिश्तों और संस्थानों को वहां काम करने वाले लोग भी प्रभावित करते हैं। दुखद है कि कार्यस्थल पर होने वाले हादसे या शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएँ जैसे चोट लगना, शोर के कारण बहरापन या मुश्किल मौसमी हालातों से होने वाली बीमारियों पर तो ध्यान जाता है पर मन-मस्तिष्क का जूझना किसी को नहीं दिखता। काम के दबाव में तनाव, अवसाद, अकेलापन और हर समय नौकरी जाने का भय भी बहुत सी स्वास्थ्यगत परेशानियों का कारण बनता है। जीवन को जोखिम में डालता है। यही वजह है कि कामकाजी दुनिया में भी स्वस्थ मनोसामाजिक कार्य वातावरण बनाना आवश्यक है। इसके लिए कार्यभार प्रबंधन, काम के घंटे निर्धारित करना और किसी भी तरह की हिंसा-शोषण से सुरक्षा वाली निष्पक्ष कार्य संस्कृति जरूरी है। समझना आवश्यक है कि कर्मचारियों की कार्यक्षमता और मनोबल बढ़ाने वाला स्वस्थ कार्य वातावरण उन्हें हर तरह के तनाव और उत्पीड़न से बचाता है। यह सीधे-सीधे कर्मचारियों और मजदूरों के मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक कल्याण से जुड़ा पहलू है। दूसरी तरह के जोखिमों को पहचानने व सुरक्षा मानकों में सुधार करने के साथ ही कार्यस्थल के माहौल को भी सकारात्मक बनाना आवश्यक है। कामकाजी जीवन की प्रबंधन शैली और सामाजिक संबंधों से भी इंसानी मन गहराई से प्रभावित होता है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित

दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## तुलसीदास द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

अंतर्मन




आज की पाती

### हर तरह का अतिक्रमण हटाया जाए

पूरे देश में कहीं भी किया गया अतिक्रमण और सरकारी भूमि पर अवैध नया-पुराना, हर प्रकार का अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाना बहुत जरूरी है। भारत 140 करोड़ व्यक्तियों का देश है। रोटी हर किसी ने खानी है, बच्चे सभी ने पालने हैं। अधिकतम लोग ये धमकियां देते हैं कि वे लोग ऐसे कब्जे नहीं करेंगे तो वे जिएंगे कैसे? इस हिसाब से, ऐसी बदमाशी देश के सभी नागरिक करने लगे तो हमारे समाज और देश का क्या हाल हो जाएगा। अतिक्रमणकारियों, तुम 'रोटी खाकर' तथा अपने 'बच्चे पालकर' देश के ऊपर कोई एहसान नहीं कर रहे हो। ये बहुत बड़ी बदमाशी, नीचता और गुंडागर्दी वाली बात हो जाती है। एक तो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, ऊपर से कानून व प्राधिकार को चुनौती और धमकियां देना जायज नहीं है। हर तरह के अवैध कब्जे हटने चाहिए। *-महेंद्र शर्मा, रोहतक*

करंट अफेयर

## एनटीपीसी का दो परमाणु इकाइयां लगाने पर विचार

ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी बिहार के बांका जिले में 700-700 मेगावाट की दो परमाणु इकाइयां स्थापित करने पर विचार कर रही है। इस परियोजना पर लगभग 25,000 करोड़ रुपये का निवेश हो सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि पटना से करीब 250 किलोमीटर दूर स्थित इस जिले में प्रस्तावित दो परमाणु इकाइयों के लिए फिलहाल व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। बिहार सरकार ने परियोजना के लिए पूरा सहयोग और जल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इन इकाइयों के लिए करीब 1,000 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। उद्योग के अनुमानों के मुताबिक, एक गीगावाट क्षमता के परमाणु संयंत्र पर 15,000 से 20,000 करोड़ रुपये का निवेश आता है। अधिकारी ने कहा कि व्यवहार्यता रिपोर्ट पूरी होने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। एनटीपीसी देश के विभिन्न स्थानों पर करीब 30 गीगावाट की परमाणु क्षमता स्थापित करने की योजना बना रही है, जो 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता हासिल करने के सरकारी लक्ष्य के अनुरूप है।



ऑफ बीट

## मद्यपान यकृत की बीमारी को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार

यकृत बेहद जरूरी अंग है। इंसान को जीने के लिए इसकी जरूरत होती है। यकृत चयापचय और भोजन भंडारण में योगदान देता है, रक्त का थक्का जमाने में



मदद करने वाले प्रोटीन का उत्पादन करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली में अहम भूमिका निभाता है। कोशिका के स्तर पर, शराब एक विषैला पदार्थ है जिसका चयापचय (विघटन) मुख्यत: यकृत में होता है। जब शराब की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो यकृत की कोशिकाएं सूज जाती हैं और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं (यकृत की सूजन को हेपेटाइटिस कहते हैं)। समय के साथ, सूजन या क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जगह फाइब्रोसिस आ जाता है, यानी सामान्य यकृत ऊतक का स्थान नुकसान पहुंचाने वाले ऊतक ले लेते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सिरोसिस की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यकृत के कार्य करने की क्षमता में शिथिलता आ जाती है। सिरोसिस अपने आप में घातक हो सकता है और यकृत कैंसर का कारण भी बन सकता है। शराब यकृत रोग में किस प्रकार हिस्सेदार? शराब के कारण होने वाले यकृत रोग को शराब संबंधित रोग या एएलडी कहा जाता है, जिसे पहले अल्कोहलिक लिवर डिसीज कहा जाता था। ज्यादा शराब पीने वाले, अक्सर शराब सेवन विकार (एयूडी) से पीड़ित लोगों में सिरोसिस और 'लिवर फेलियर' हो सकता है।

ट्रेंड

### बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे



पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद भी सात दिनों तक केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। भले ही भाजपा सत्ता में आ जाए। यह राज्य की सुरक्षा के लिए जरूरी है। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। ऐसे लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### केजरीवाल का मुखौटा उतरा



भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कांग्रेस खिलाफ 'प्रॉक्सी' की तरह इस्तेमाल किया है। अब आप एवं अरविंद केजरीवाल का मुखौटा उतर चुका है। केजरीवाल की पार्टी ने धनकुबेरों को धन के आधार पर राज्यसभा भेजा और अब इसका नाम अरबपति आदमी पार्टी हो जाना चाहिए।

**-अजय माकन,** कोषाध्यक्ष, कांग्रेस

### क्या सारे सांसद गलत



मैं गलत हो सकता हूं लेकिन कुल 7 सांसदों ने पार्टी छोड़ी तो क्या सारे गलत हो गए। इससे पहले भी जिन लोगों ने पार्टी छोड़ी, क्या वह भी गलत हो गए। मैं पार्टी का फाउंडर मेंबर रहा। जिस मकसद से यह पार्टी बनी थी, अब ये वह पार्टी नहीं रही।

**-राघव चड्ढा,** भाजपा नेता

### सरकार के इशारे पर उत्पीड़न



गाजीपुर में सपा कार्यकर्ता के साथ जो उत्पीड़न हुआ, वह सरकार के इशारे पर हुआ। इसमें सरकारी अधिकारियों व भाजपा से जुड़े लोगों की भूमिका है। भाजपा नहीं चाहती कि उनकी पार्टी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के साथ खड़ी होकर उन्हें न्याय दिलाए। **-अखिलेश यादव,** सपा प्रमुख

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20

ई-मेल : haribhoomi@gmail.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 7 | 6 | 0 | 13 |
| बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
380 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
14 विकेट
चेन्नई

## रघुवंशी को अंपायर से भिड़ना पड़ा महंगा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ा गया है। रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के बीच हुए मुकाबले में रघुवंशी को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है।

केकेआर की पारी के दौरान पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर अंगकृष रघुवंशी को 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' के कारण आउट दे दिया गया था, जिसके बाद उन्होंने मैदान पर ही अपनी नाराजगी जाहिर की थी। अंगकृष ने पवेलियन लौटते हुए गुस्से में जोर से जमीन पर बल्ला मारा था और अपना हेलमेट बाउंड्री लाइन के पास फेंक दिया था। केकेआर का खेमा भी अंपायर के फैसले से काफी नाखुश दिखाई दिया था। टीम के हेड कोच अभिषेक नायर को भी गुस्से में अंपायर्स संग बातचीत करते हुए देखा गया था।



### 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' का लगा था दोष

दरअसल, प्रिंस यादव की गेंद पर अंगकृष मिड-ऑन की तरफ शॉट खेलकर रन लेने के लिए दौड़े थे, लेकिन दूसरे छोर पर खड़े कैमरून ग्रीन ने उन्हें वापस भेज दिया था। अपना विकेट बचाने के लिए अंगकृष ने डाइव लगाई थी, लेकिन तभी फील्डर ने भी गेंद को स्टंप की तरफ थ्रो किया था। थ्रो सीधा अंगकृष के पैर में आकर लगा था, जिसके बाद एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत और बाकी खिलाड़ियों ने अपील की थी। मैदानी अंपायर्स ने थर्ड अंपायर की मदद ली थी, जिसके बाद अंगकृष को 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड'(फील्डिंग में बाधा पहुंचाने) का दोषी मानते हुए उन्हें आउट करार दे दिया था।

## सूर्यवंशी ने बच्चों से फोटो के लिए मांगे पैसे!



एजेंसी ▸▸ जयपुर

वैभव सूर्यवंशी मैदान के अंदर अपने खेल के लिए, जितनी सुर्खियां बटोरते हैं, उतना ही मैदान के बाहर उनका मजाकिया अंदाज भी खूब वायरल होता है। शनिवार को हैदराबाद के खिलाफ 36 गेंद पर शतक लगाने के बाद अब यह 15 वर्षीय बल्लेबाज बच्चों के साथ मस्ती करते हुए सुर्खियां बटोर रहा है। राजस्थान रॉयल्स ने अपने एक्स हैंडल पर वीडियो शेयर किया है, जिसमें वैभव बच्चों से फोटो के लिए पैसे मांगते दिख रहे हैं।

### मैं फोटो के लिए पैसे लेता हूं

इस वीडियो में दिख रहा है कि वैभव सूर्यवंशी के पास दो बच्चे आते हैं और फोटो के लिए कहते हैं। फिर राजस्थान के ओपनर को मजाक सूझता है और वह कहते हैं,"मैं फोटो के लिए पैसे लेता हूं।" इसके बाद बच्चों को यकीन नहीं होता है और फिर वैभव बोलते हैं,सही बोल रहा हूं मैं। 100 रुपए लूंगा मैं पूरे। दोगे तो बोलो। इसके बाद मजा तब आता है जब दोनों में से एक बच्चा वैभव को 200 रुपए देने लगता है और बोलता है, एक मेरे साथ और एक इसके साथ। इसके बाद वैभव जोर से हंसने लगते हैं और कैमरे की ओर इशारा करते हुए कहते हैं, अरे भाई मजाक कर रहा हूं देखो उधर देखो। इस मस्ती-मजाक का वीडियो राजस्थान रॉयल्स ने शेयर किया। फैंस भी इसे पसंद कर रहे हैं और मजाकिया मीम्स के साथ शेयर भी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### कतर सुपरस्टॉक चैंपियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय जोहान

**दोहा।** जोहान इमैनुअल फाइनल राउंड की दोनों रेस में पहला स्थान हासिल करके कतर सुपरस्टॉक 600 चैंपियनशिप (क्यूएसटीके) जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। चेन्नई के रहने वाले 19 वर्षीय जोहान को खिताब पक्का करने के लिए दोनों रेस जीतनी जरूरी थीं और वह इसमें सफल रहे। फाइनल राउंड की रेस से पहले वह हंगरी के मार्टन बेलेली से नौ अंकों से पीछे थे। भारतीय राइडर ने आखिर में 21 अंकों की बढ़त के साथ चैंपियनशिप अपने नाम की। उन्होंने 10 रेस में से छह में जीत हासिल की।

### आज से विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप

**लंदन।** भारत की पुरुष और महिला टीम मंगलवार से शुरू हो रही 2026 विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप में उम्मीद और दबाव के जाने-पहचाने मेल के साथ उतरेंगी। मानव ठक्कर (विश्व रैंकिंग 38), जी साथियान (42), मानुष शाह (51), हरमीत देसाई (80) और पायस जैन (127) की मौजूदगी वाली भारतीय पुरुष टीम ग्रुप सात में स्लोवाकिया, ट्यूनीशिया और ग्वाटेमाला के खिलाफ प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेगी। कागज पर रैंकिंग भारत के पक्ष में दिखती है, विशेषकर लुबोमीर पिस्टेज (149) और यांग वांग (184) की अगुवाई वाली स्लोवाकिया की टीम के खिलाफ।

### रग्बी लीग : जून में होगा पहली बार महिला टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) में पहली बार महिला टूर्नामेंट का आयोजन जून में होगा जिसमें चार फ्रेंचाइजी टीम मुकाबला करेंगी। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। आरपीएल 2025 में हिस्सा लेने वाली छह पुरुष फ्रेंचाइजी में से चार टीम महिला टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम मैदान में उतारेंगी। लीग का आयोजन 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गचीबाउली स्टेडियम में होगा।

## आज रात 7.30 बजे से रियान और श्रेयस की टीमों में रोमांचक मुकाबला

# अजेय रथ पर सवार पंजाब, आरआर की अग्नि परीक्षा!

एजेंसी ▸▸ मुल्लांपुर

पिछले कुछ मैचों में अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं कर पाने वाले राजस्थान रॉयल्स को मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अगर पंजाब किंग्स का अजेय रथ रोकना है तो रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान रियान पराग को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा।

रिकी पोंटिंग का मुख्य कोच का पद संभालने और श्रेयस अय्यर के कप्तान बनने के बाद पंजाब किंग्स में आमूलचूल बदलाव देखने को मिले हैं और उसने तब से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले साल उसकी टीम उप विजेता रही थी और इस साल उसने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया है।

### श्रेयस ने निभाई कप्तान के रूप में अहम भूमिका

श्रेयस ने कप्तान और बल्लेबाज के रूप में बेहद दबाव वाली परिस्थितियों में सराहनीय धैर्य का प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स के टूर्नामेंट में अब तक अजेय रहने में अहम भूमिका निभाई है। अय्यर ने शानदार कप्तानी की है, लेकिन टीम की पूरी टीम ने एकजुट होकर अपना योगदान दिया है। पंजाब किंग्स ने पिछले सत्र में आईपीएल के इतिहास के सबसे बड़े स्कोर का बचाव किया था और अब उसने दिल्ली में शनिवार को भीषण गर्मी के बावजूद रिकॉर्ड 265 रन के लक्ष्य को बेहद आसानी से हासिल कर लिया था।



मैच का समय : रात 7.30 बजे

### पंजाब का घरेलू मैदान में आखिरी मैच

पंजाब किंग्स अपने इस घरेलू मैदान पर इस सत्र का अपना आखिरी मैच खेलेगा। उसकी टीम अपने आखिरी 3 मैच धर्मशाला में खेलेगी, इसलिए उम्मीद की जा रही है कि परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ होने के कारण वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी अपना विजय अभियान जारी रखने में सफल रहेगी।

### निरंतरता बनाए रखने में नाकाम आरआर

राजस्थान रॉयल्स ने टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पहले 4 मैच जीतने के बाद उसने अपनी लय खो दी है। युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन टीम निरंतरता बनाए रखने में सफल नहीं रही है। उसने अब तक जो 8 मैच खेलें हैं उनमें कप्तान पराग का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, जिससे उसके मध्य क्रम पर दबाव बन रहा है। पराग ने अभी तक 8 पारियों में केवल 88 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 112.82 है। हर मैच के साथ उन पर दबाव बढ़ता जा रहा है। राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने मजबूत स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था। उसकी फील्डिंग काफी खराब रही और सनराइजर्स ने 239 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।

### प्रियांश-प्रभसिमरन की विस्फोटक जोड़ी

पंजाब किंग्स की 7 मैचों में 6 जीत (एक मैच बारिश के कारण रद्द) प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की विस्फोटक सलामी जोड़ी की बदौलत संभव हो पाई हैं। इन दोनों ने दिल्ली के खिलाफ पावरप्ले में 116 रन बनाकर अपनी टीम को कोटला में रिकार्ड लक्ष्य हासिल करने में मदद की। उस मैच में पंजाब किंग्स के गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई थी, लेकिन बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों और सीमा रेखा छोटी होने के कारण उन्हें ज्यादा दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

### हमें नहीं पता कि चंडीगढ़ में क्या होगा



पराग ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर दिन अलग-अलग मैदान, अलग-अलग मैच और उनसे निपटने के अलग-अलग तरीके होते हैं। अभी हमें नहीं पता कि चंडीगढ़ में क्या होगा। मेरे कहने का मतलब यह है कि उन्होंने दिल्ली में बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया था लेकिन चंडीगढ़ एक नया मैदान है, नई पिच है, नई मिट्टी है। इसलिए उम्मीद है कि मैच उस स्थिति तक नहीं जाएगा।'

## शेवरोन चैंपियनशिप

# नेली फिर बनीं नंबर-1 महिला गोल्फर



एजेंसी ▸▸ ह्यूस्टन

*अमेरिका की नेली कोर्डा शेवरोन चैंपियनशिप जीतकर फिर से दुनिया की नंबर एक महिला गोल्फर बन गई हैं। कोर्डा ने चौथे और आखिरी दौर में दो अंडर 70 के स्कोर के साथ पांच शॉट की जीत हासिल की और अपने करियर का तीसरा मेजर खिताब जीता। उन्होंने कुल 18 अंडर 270 का स्कोर बनाया। यह उनकी एलपीजीए में 17वीं और विश्व स्तर पर 21वीं जीत थी। इससे यह 27 वर्षीय अमेरिकी स्टार अगस्त के बाद पहली बार महिला विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी करने में सफल रही। कोर्डा ने न केवल शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रखी, बल्कि किसी अन्य खिलाड़ी ने उनके सामने चुनौती पेश ही नहीं की।*

## सिंधू उठाएगीं खिलाड़ियों के मसले बीडब्ल्यूएफ के लिए काम किया शुरू

एजेंसी ▸▸ होर्सेंस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की परिषद के सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल शुरू कर दिया है और उन्होंने दुनिया भर के खिलाड़ियों के मसलों को उठाने का वादा किया।

बैडमिंटन की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक सिंधू को दिसंबर में बीडब्ल्यूएफ खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के बाद बीडब्ल्यूएफ परिषद में पूर्ण मतदान का अधिकार हासिल कर लिया है। सिंधू आधिकारिक तौर पर 2025 के आखिर में परिषद में शामिल हुई थीं। उन्होंने 25 अप्रैल को यहां वार्षिक आम बैठक में पहली बार हिस्सा लिया और इस तरह से उनके कार्यकाल की शुरुआत हुई।



### मेरे लिए सौभाग्य की बात : पीवी

सिंधू ने कहा, ' विश्व बैडमिंटन महासंघ के यह जिम्मेदारी निभाना और दुनिया भर के खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए वास्तव में सम्मान और सौभाग्य की बात है।'' उन्होंने कहा, बैडमिंटन ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मुझे खुशी है कि मुझे इस क्षमता से भी खेल की सेवा करने का मौका मिल रहा है।'

## चोट के कारण एशियाई चैंपियनशिप नहीं खेल पाएंगी मीराबाई चानू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले महीने गांधीनगर में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में कंधे की चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाएंगी तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई को फरवरी में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान यह चोट लगी थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, ' राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान मीराबाई के कंधे में हल्की



चोट लग गई थी। यह साल बहुत अहम है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल होने वाले हैं और वह कोई भी जोखिम नहीं ले सकतीं।' भारतीय टीम में मीराबाई की जगह कोमल कोहर को शामिल किए जाने की संभावना है।

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

मोदीनगर में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 31 साल की मीराबाई ने कुल 205 किग्रा (89 किग्रा और 116 किग्रा) भार उठाकर 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 48 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी, जिसके बाद अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेले 2026 के लिए वह अपना वजन बढ़ाकर 53 किग्रा वर्ग में आ जाएंगी। एशियाई खेल ही एकमात्र ऐसा बड़ा टूर्नामेंट है, जिसमें मणिपुर की इस भारोत्तोलक ने अभी तक कोई पदक नहीं जीता है।

## मैड्रिड ओपन

# कोको की कोर्ट पर वोमिटिंग फिर भी चौथे दौर में पहुंची



एजेंसी ▸▸ मैड्रिड

*अमेरिका की स्टार खिलाड़ी कोको गॉफ बीमार पड़ने और कोर्ट पर उल्टी करने के बावजूद मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंच गई हैं। पिछले साल मैड्रिड ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली गॉफ ने सोराना सिर्स्टिया के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 4-6, 7-5, 6-1 से जीत दर्ज की।*

*गॉफ ने दूसरे सेट के बीच में कोर्ट पर उल्टी कर दी थी, जिससे वह थोड़ा असहज महसूस करने लगी थी। कोको ने कहा, 'जब मैंने कोर्ट पर उल्टी कर दी, तो मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। इसके बाद पहले और दूसरे गेम के बाद मुझे लग रहा था कि जैसे मेरी सारी ऊर्जा छीन ली गई है।' इससे पहले शनिवार को विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक अज्ञात बीमारी के कारण अमेरिकी खिलाड़ी एनली के खिलाफ मैच के बीच से हट गई थी।*

### मुझे मैच से हटना पसंद नहीं : कोको

*गॉफ ने कहा, 'मुझे मैच से हटना पसंद नहीं है। मैं ऐसा तब तक नहीं करती जब तक मुझे सच में यह न लगे कि मेरे पास कोई और विकल्प नहीं है।' गॉफ का अगला मुकाबला 13वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से होगा।*

## भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से दी करारी शिकस्त

# थॉमस कप : भारत की क्वार्टर फाइनल में धमाकेदार एंट्री

एजेंसी ▸▸ होर्सेंस

भारतीय पुरुष टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्रुप ए के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से करारी शिकस्त देकर थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत और चीन इस ग्रुप में शीर्ष पर हैं। 2022 के चैंपियन भारत ने कनाडा पर 4-1 से जीत के साथ शुरुआत की थी।

चीन ने अपने पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया था। उसने सोमवार को कनाडा को 4-1 से पराजित किया। भारत और चीन अब बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे, जिससे ग्रुप में शीर्ष स्थान का फैसला होगा।

बुधवार को भारत और चीन के बीच मुकाबला
आयुष ने भारत की बढ़त को दोगुना किया



### लक्ष्य ने भारत को दिलाई शुरुआती बढ़त

लक्ष्य सेन ने एफ्रेम स्टीफन सैम पर 21-14, 21-16 से जीत हासिल करके भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। यूएस ओपन चैंपियन और हाल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में उपविजेता रहे आयुष शेट्टी ने श्रेय ढांड को 21-8, 21-6 से आसानी से हराकर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष युगल जोड़ी ने रिजकी हिदायत और जैक यू को 21-14, 21-16 से हराकर स्कोर 3-0 कर दिया। इससे भारत की क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित हो गई।

### प्रणय ने आधे घंटे से भी कम समय में ऋषि होंडा को हराया

एचएस प्रणय ने आधे घंटे से भी कम समय में ऋषि होंडा भूपति पर 21-11, 21-17 से जीत हासिल की। हरिहरन अमसाकरुनन और एमआर अर्जुन ने दूसरे युगल मुकाबले में एंडिका रामाडियांस्या और एफ्रैम स्टीफ़न सैम को 21-12, 21-10 से हराया, जिससे भारत इस मुकाबले में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा।

## महिला एसए ओपन : संयुक्त 24वें स्थान पर प्रणवी



**केपटाउन।** भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स ने अंतिम दौर में एक अंडर 72 का स्कोर बनाकर इन्वेस्टेक एसए महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 24वां स्थान हासिल किया लेकिन दीक्षा डागर (76) अंतिम दिन निराशाजनक प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गई। दीक्षा आखिर में संयुक्त 37वें स्थान पर रहीं, जबकि अवनी प्रशांत (77) ने संयुक्त 57वां स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी वाणी कपूर, त्वेसा मलिक और हिताशी बख्शी कट में जगह बनाने से चूक गईं थीं। इस बीच इंग्लैंड की एस्मे हैमिल्टन ने दो शॉट की जीत के साथ अपना पहला एलईटी (लेडीज यूरोपियन टूर) खिताब जीता।




### ब्रह्मांड के अंत की संभावना को दर्शाने वाला मॉडल बनाया वैज्ञानिकों ने

# अगर कभी दुनिया खत्म हुई तो यह कुछ क्षणों में ही हो जाएगा

सेंट्रल डेस्क ▶▶| रोहतक

भौतिकविदों ने एक क्वांटम तंत्र का मॉडल तैयार किया है, जिसके माध्यम से फॉल्स वैक्यूम डिके्रिया द्वारा ब्रह्मांड के अंत की संभावना को दर्शाया गया है। यह प्रक्रिया क्वांटम फील्ड मैकेनिक्स और कॉस्मोलॉजी के सिद्धांतों पर आधारित है। वैज्ञानिकों ने अध्ययन किया है कि फॉल्स वैक्यूम नामक एक अस्थिर अवस्था कैसे ट्रू वैक्यूम में परिवर्तित हो सकती है, जिससे एक विनाशकारी घटना घट सकती है और ब्रह्मांड का अंत हो सकता है। इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने क्वांटम कंप्यूटिंग, राइडबर्ग परमाणुओं और क्वांटम एनीलिंग तकनीकों का उपयोग करके बबल न्यूक्लिएशन, वैक्यूम अस्थिरता और कॉस्मिक फेज परिवर्तन जैसी प्रक्रियाओं का अध्ययन किया।



क्वांटम भौतिकी में फॉल्स वैक्यूम डिके क्या हैइस शोध का केंद्र एक ऐसा विचार है जो लगभग दार्शनिक लगता है। इसके मुताबिक खाली स्थान वास्तव में बिल्कुल खाली नहीं होता। क्वांटम फील्ड सिद्धांत के अनुसार वैक्यूम (रिक्त स्थान) सबसे कम ऊर्जा की अवस्था तो होता है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि वह पूरी तरह स्थिर (ग्राउंड स्टेट) हो। वैज्ञानिकों का तर्क है कि हमारा ब्रह्मांड एक फॉल्स वैक्यूम में हो सकता है यानी एक ऐसी स्थिर अवस्था, जो वास्तव में सबसे स्थिर नहीं है। यदि इससे अधिक स्थिर अवस्था यानी ट्रू वैक्यूम मौजूद हो, तो एक अवस्था से दूसरी अवस्था में परिवर्तन को ही फॉल्स वैक्यूम डिके कहा जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह प्रक्रिया प्रकाश की गति से फैलने वाले एक बहुत छोटे बुलबुले से अचानक शुरू हो सकती है।

### सिमुलेशन सुनने में प्रलयकारी, भौतिकी की एक बड़ी समस्या को समझने में मदद करते हैं

ब्रह्मांड को समझने के लिए यह शोध क्यों महत्वपूर्ण हैहालांकि ये सिमुलेशन सुनने में प्रलयकारी लग सकते हैं, लेकिन वास्तव में ये भौतिकी की एक बड़ी समस्या को समझने में मदद करते हैं। क्वांटम मैकेनिक्स और सामान्य सापेक्षता का एकीकरण। फॉल्स वैक्यूम डिके इसी समस्या के केंद्र में है। इसके सिमुलेशन से वैज्ञानिक यह समझ सकते हैं कि अत्यधिक परिस्थितियों में भौतिकी के मूल नियम कैसे काम करते हैं। इसके परिणाम हमें ब्रह्मांड की प्रकृति के बारे में नई जानकारी दे सकते हैं और यहां तक कि यह भी संकेत दे सकते हैं कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति कैसे हुई। कुछ सिद्धांतों के अनुसार, बिग बैंग के तुरंत बाद ऐसा ही एक परिवर्तन हुआ हो सकता है। एक शांत लेकिन गहरा निहितार्थइस विचार में एक प्रकार की असहजता है। ब्रह्मांड हमें स्थिर, तार्किक और शाश्वत लगता है, लेकिन

#### अवधारणा का सफल सिमुलेशन किया


वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड-समाप्ति की इस क्वांटम प्रक्रिया का सिमुलेशन कैसे कियाहाल ही में हुए एक अध्ययन में इस अवधारणा का सफल सिमुलेशन किया गया। इसमें शोधकर्ताओं ने रिंग जैसी संरचना में राइडबर्ग परमाणुओं का उपयोग किया, जिन्हें लेजर से उत्तेजित किया गया। इससे दो ऊर्जा अवस्थाएं बनीं फॉल्स वैक्यूम और ट्रू वैक्यूम। इसके बाद वैज्ञानिकों ने फॉल्स वैक्यूम से कम ऊर्जा वाली अवस्था (ट्रू वैक्यूम) में परिवर्तन की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। जैसा कि सिद्धांत में भविष्यवाणी की गई थी। इसी तरह लीड्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने हजारों क्यूबिट्स वाले क्वांटम एनीलर का उपयोग करके वैक्यूम बुलबुलों के निर्माण, उनके विस्तार और आपसी अंतःक्रिया का सिमुलेशन किया।

#### परिवर्तन कहीं भी और कभी भी शुरू हो सकता है

क्या यह प्रक्रिया वास्तव में ब्रह्मांड का अंत कर सकती है संभव है, लेकिन यह तुरंत या आसानी से अनुमानित नहीं है। फॉल्स वैक्यूम डिके की अवधारणा के अनुसार यह परिवर्तन कहीं भी और कभी भी शुरू हो सकता है। यदि ऐसा हुआ तो नया बना बुलबुला प्रकाश की गति से फैलेगा, जिससे इसे पहचानने या इससे बचने का कोई मौका नहीं होगा। जैसा कि एक वैज्ञानिक ने कहा कि जो कुछ भी हैङ्ख वह तुरंत गायब हो जाएगा। हालांकि, यह ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि इस प्रक्रिया की संभावना बहुत कम मानी जाती है। मौजूदा सिद्धांतों के अनुसार, यदि यह घटना होती भी है तो यह लाखों या अरबों वर्षों में कभी घटित हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### कनाडा में युवक ने सिख व्यक्ति पर किया हमला



**टोरंटो।** कनाडा में एक युवक ने एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति पर हमला कर दिया और नस्लवादी टिप्पणियां करते हुए कहा कि मेरे देश से बाहर निकलो जिसके बाद पुलिस ने इसे 'घृणा से प्रेरित हमला' मानते हुए जांच शुरू कर दी है। वुडस्टॉक पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह घटना 22 अप्रैल को ओंटारियो के वुडस्टॉक की है और युवक पर अपने कृत्यों के लिए कई आरोप लगाए गए हैं। बयान में कहा गया कि बुजुर्ग फुटपाथ पर चल रहे थे तभी एक युवक ने उन्हें धक्का दे दिया। पुलिस के मुताबिक युवक ने पीड़ित को उनकी नस्लीय पहचान के आधार पर निशाना बनाया।

### अगले माह नेपाल का दौरा करेंगे मिसरी

**काठमांडू।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी अगले महीने नेपाल की यात्रा पर जा सकते हैं। मार्च में बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार के गठन के बाद भारत की ओर से यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा होगी।



नेपाल के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह दौरा मई के पहले पखवाड़े में होने की उम्मीद है। यात्रा की सटीक तिथि और विवरण अभी तक तय नहीं किए गए हैं। मिसरी की यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों और भारत द्वारा वित्तपोषित रियोजनाओं की समीक्षा एजेंडा में शामिल होगी।

### पाकिस्तान की मध्यस्थता पर ईरान ने जताई शंका, उठाए सवाल, कहा

# वे सही मध्यस्थ नहीं, ट्रंप के फायदों का रखते ध्यान, उनके खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहते

एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान और अमेरिका के मध्य तनाव कम करने के उद्देश्य से पाकिस्तान की मध्यस्थता में युद्धविराम (सीजफायर) को लेकर वार्ता धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। इन प्रयासों के बीच ईरान के भीतर पाकिस्तान की भूमिका को लेकर विश्वसनीयता का संकट स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। ईरान के सांसद और 'राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति आयोग' के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने पाकिस्तान की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए



उसकी निष्पक्षता पर संदेह व्यक्त किया है। रेजाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि पाकिस्तान हमारा अच्छा दोस्त और पड़ोसी है, लेकिन वह बातचीत के लिए सही मध्यस्थ नहीं है और उसमें मध्यस्थता के लिए जरूरी विश्वसनीयता नहीं है। वे हमेशा ट्रंप के फायदों का ध्यान रखते हैं और अमेरिकियों की मर्जी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहते। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए, वे (पाकिस्तान) दुनिया को यह बताने को तैयार नहीं हैं कि अमेरिका ने पहले पाकिस्तान का प्रस्ताव मान लिया था लेकिन फिर अपनी बात से मुकर गया।

> *रेजाई ने वे (पाकिस्तान) दुनिया को यह बताने को तैयार नहीं हैं कि अमेरिका ने पहले पाकिस्तान का प्रस्ताव मान लिया था लेकिन फिर अपनी बात से मुकर गया। वे यह नहीं कहते कि लेबनान या ब्लॉक किए गए एसेट्स के मुद्दे पर अमेरिकियों ने कमिटमेंट किए थे लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया*

#### *ईरान का आरोप- अमेरिका के रवैए के कारण इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता में देरी हुई*



ईरान के विदेश मंत्री ने रूस के विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों से मुलाकात की

#### रूस का बड़ा बयान

### ईरान को डराने-धमकाने की कोशिश काम नहीं करेगी

**मॉस्को।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूस दौरे पर मॉस्को पहुंच गए हैं। ईरान के विदेश मंत्री के दौरे के बीच ही रूस का एक बड़ा बयान सामने आया है। रूस ने कहा है कि ईरान को सैन्य ताकत का डर दिखाकर डराया-धमकाया नहीं जा सकता। वियना में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन में रूस के प्रतिनिधि मिखाइल उलयानोव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, सैन्य तैनाती की धमकी और प्रतिबंध कड़े करने की बात ब्लैकमेलिंग है, लेकिन ईरान पर ये चाल काम नहीं करेगी। रूसी राजनयिक ने कहा कि अमेरिका को समझौते के लिए अपने रुख को नरम करना चाहिए।

#### *ईरान ने टोगो-फ्लैग टैंकर को बनाया निशाना*

*ईरान ने वेस्ट अफ्रीका के देश टोगो के झंडे वाले एक केमिकल टैंकर पर हमला किया, जिसमें 12 भारतीय क्रू सदस्य सवार थे। भारतीय पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक मनदीप सिंह रंधावा ने बताया, सभी भारतीय क्रू सदस्य सुरक्षित हैं। ईरान के टोगो के जहाज पर हमला ओमान के शिनास के बाहरी बंदरगाह क्षेत्र के पास किया। यह जहाज भी अन्य जहाजों के साथ आगे बढ़ रहा था।*

जहाज पर सवार 12 भारतीय सुरक्षित



### हेंगली पेट्रोकेमिकल ने आरोप नकारे

# चीन की निजी रिफाइनरी पर अमेरिका ने लगाया 'प्रतिबंध'



स्कॉट बेसेंट

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

ईरान से जंग के बीच अमेरिका ने चीन की प्रमुख तेल रिफाइनरी हेंगली पेट्रोकेमिकल और 40 शिपिंग कंपनियों-टैंकरों पर ईरान से तेल खरीदने के आरोप में प्रतिबंध लगा दिए हैं, जिसके बाद अब बीजिंग की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। बीजिंग ने कहा कि वो चीनी तेल रिफाइनरी पर अमेरिकी प्रतिबंधों का कड़ा विरोध करता है और अपने हितों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है। अमेरिकी वित्त विभाग का कहना है कि हेंगली रिफाइनरी साल 2023 से ही ईरानी तेल की खपत कर रही है। इस रिफाइनरी को ईरानी तेल के प्रमुख खरीदारों में से एक बताया जाता है। अमेरिका के वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने चीन के खिलाफ एक्शन लेते हुए कहा था कि ट्रंप प्रशासन ईरानी शासन पर वित्तीय शिकंजा कस रहा है।

#### पेट्रोकेमिकल्स में बड़ा खिलाड़ी है हेंगली

*हेंगली चीन की सबसे आधुनिक और बड़े पैमाने वाली निजी रिफाइनरी कंपनियों में शामिल है। यह लियाओनिंग प्रांत में एक विशाल रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स संचालित करती है। निजी रिफाइनरियां अब चीन की कुल रिफाइनिंग क्षमता का लगभग एक-तिहाई हिस्सा हैं। हेंगली इनमें सबसे बड़े प्लेयर्स में से एक है। वहीं, स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में हेंगली कंपनी ने अमेरिकी आरोपों को निराधार बताया। कंपनी ने कहा कि उसने कभी ईरानी तेल से संबंधित कोई कारोबार नहीं किया है। सभी कच्चे तेल आपूर्तिकर्ताओं को अनुबंध के तहत यह सुनिश्चित करना होता है कि तेल अमेरिकी प्रतिबंध वाले देशों से न आए। कंपनी ने बताया कि उसके पास तीन महीने से ज्यादा का कच्चा तेल स्टॉक है और भविष्य में वह चीनी युआन में भुगतान करके तेल खरीदने की योजना बना रही है।*

### सुरक्षा कारणों से कोर्ट की कार्यवाही स्थगित

## भ्रष्टाचार मामले में इजराइल पीएम की गवाही फिर टली



एजेंसी ▶▶| यरूशलम

इजराइल के पीएमबेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे में उनकी गवाही दोबारा टाल दी गई है। सोमवार को दो महीने के अंतराल के बाद उनकी गवाही फिर शुरू होनी थी, लेकिन अंतिम समय में इसे स्थगित कर दिया गया। नेतन्याहू के वकील अमित हदद ने अदालत के सामने विशेष सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कार्यवाही टालने की मांग की थी।

#### हिजबुल्ला का सीधी बातचीत से इनकार



हिजबुल्ला प्रमुख नईम कासिम ने इजराइल से सीधी बातचीत से इनकार किया। कासिम ने कहा कि हिजबुल्ला अपने हथियार नहीं डालेगा और उसकी मुकाबले के लिए पूरी तैयारी है। उन्होंने लेबनान सरकार की आलोचना भी की। कासिम ने कहा कि लेबनान सरकार ने बेवजह जल्दबाजी में (इजराइल को) रियायत दी है। उन्होंने कहा कि वह सीधी बातचीत को पूरी तरह खारिज करते हैं। सरकार को अप्रत्यक्ष बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए।

### भोपाल में एयर इंडिया फ्लाइट की आपात लैंडिंग

## अटकी 166 यात्रियों की सांसें, वापसी फ्लाइट रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुंबई से एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 633 में सवार 166 यात्रियों और 9 क्रू मेंबर्स को बीच हवा में अचानक तनावपूर्ण पल का सामना करना पड़ा। विमान में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते पायलट ने भोपाल के राजा भोज हवाई अड्डे पर प्राथमिकता के आधार पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी। रविवार की दोपहर 3:20 बजे विमान सुरक्षित उतर गया। हालांकि, यह पूर्ण आपातकाल की बजाए प्राथमिकता लैंडिंग श्रेणी में था, लेकिन हवाई अड्डे ने सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल तुरंत सक्रिय कर दिए। जमीन पर पहुंचने के बाद तकनीकी टीम ने विमान का निरीक्षण किया और उसे आगे की उड़ान के लिए अनुपयोगी घोषित कर दिया। नतीजतन, भोपाल से मुंबई जाने वाली वापसी फ्लाइट एआई 634 (जिसमें 178 यात्रियों की बुकिंग थी) को रद्द कर दिया गया।

### भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर, 100% भारतीय निर्यात टैक्स-फ्री

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों में सोमवार को एक नए युग की शुरुआत हुई। दोनों देशों ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो व्यापार, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने वाला है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के उनके समकक्ष टॉड मैक्ले की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण समझौते को आधिकारिक रूप दिया गया। यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था और निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार में एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत मानी जा रही है। इस एफटीए की सबसे खास बात इसकी गति रही है। 16 मार्च, 2025 को शुरू हुई बातचीत को रिकॉर्ड नौ महीनों के भीतर संपन्न कर लिया गया।

### ईडी ने पीएमएलए कानून के तहत की कार्रवाई

## पंजाब पुलिस के निलंबित डीआईजी भुल्लर के खिलाफ मामले में 11 स्थानों पर की रेड

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य पुलिस के निलंबित उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) हरचरण सिंह भुल्लर और उनसे कथित तौर पर जुड़े संगठनों के खिलाफ



धन शोधन जांच के तहत सोमवार को पंजाब में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़, लुधियाना, पटियाला, नाभा और जालंधर में आरोपी, उसके सहयोगियों और संदिग्ध बेनामीदारों (वे मालिक जिनके नाम पर बेनामी संपत्ति है) से जुड़े लगभग 11 परिसर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच में शामिल किया जा रहा है।

#### रिश्वत मांगने का आरोप था

ईडी की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा भुल्लर के खिलाफ दर्ज किए गए एक मामले पर आधारित है, जिसमें उन पर एक आपराधिक मामले के निपटारे के लिए एक बिचौलिए के माध्यम से रिश्वत मांगने और आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति का आरोप है। भुल्लर पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद पर रोपड़ में तैनात थे, जब उनको सीबीआई ने अक्टूबर 2025 में गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने भुल्लर के परिसर से 75 लाख रुपए नकद और 25 किलोग्राम सोने के आभूषण भी जब्त किए थे। ईडी ने अंतरराज्यीय शराब तस्करी और धन शोधन नेटवर्क के खिलाफ जांच के सिलसिले में अरुणाचल प्रदेश में नौ स्थानों पर एक साथ छापे मारे। यह गिरोह विभिन्न राज्यों में शराब पर लगने वाले कर के अंतर का फायदा उठाने के लिए अवैध गतिविधियों में संलिप्त था। अरुणाचल प्रदेश में बिक्री के लिए निर्धारित शराब को अवैध रूप से असम व अन्य राज्यों में भेजा जा रहा था।

### गांधीनगर में एक शैक्षणिक संस्थान ने एलपीजी पर निर्भरता हटाई

#### दो बायोगैस संयंत्रों की संयुक्त क्षमता 90 घन मीटर प्रतिदिन

## बायोगैस संयंत्रों से प्रतिदिन 500 से अधिक लोगों के लिए भोजन तैयार

एजेंसी ▶▶| गांधीनगर

गुजरात के गांधीनगर जिले में स्थित अडालज के पास स्थित वासुमति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित मानेकबा विनय विहार शैक्षणिक परिसर ने खाना पकाने के लिए बायोगैस आधारित प्रणाली अपनाकर एलपीजी पर अपनी निर्भरता समाप्त कर दी है। परिसर में दो बायोगैस संयंत्रों से अब प्रतिदिन 500 से अधिक लोगों के लिए भोजन तैयार किया जाता है, जिनमें लगभग 250 छात्रावास के छात्र और 15 कर्मचारियों के परिवार शामिल हैं इन्हें दिन में दो बार भोजन परोसा जाता है।




#### *193 संस्थागत बायोगैस संयंत्र काम कर रहे*

*गुजरात ऊर्जा विकास एजेंसी (जीईडीए) 25 से 85 घन मीटर क्षमता वाले बायोगैस संयंत्रों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। गैर-लाभकारी संस्थाएं 75 प्रतिशत तक सब्सिडी के लिए पात्र हैं, जिससे संगठनों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए यह परिवर्तन आर्थिक रूप से सुलभ हो जाता है।*

#### हर माह 30 एलपीजी सिलेंडर की जरूरत समाप्त

यह संस्था दो बायोगैस संयंत्रों का संचालन करती है जिनकी संयुक्त क्षमता 90 घन मीटर प्रतिदिन है। इन संयंत्रों में संस्था के गौशाला में रखी गई 222 गायों के गोबर, रसोई के कचरे और आसपास के खेतों से प्राप्त कृषि अवशेषों का उपयोग करके बायोगैस बनाई जाती है, जो संस्था की संपूर्ण ईंधन आवश्यकता को पूरा करती है, जिससे हर महीने 30 एलपीजी सिलेंडरों की आवश्यकता पूरी तरह समाप्त हो जाती है।

#### स्लरी का उपयोग खेतों में जैविक खाद के रूप में कर रहे

शैक्षणिक संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि गुजरात सरकार की संस्थागत बायोगैस संयंत्र योजना के तहत हम खाना पकाने की गैस के मामले में आत्मनिर्भर हो गए हैं। गायें पर्याप्त गोबर देती हैं, और गैस उत्पादन के बाद बनने वाले स्लरी का उपयोग खेतों में खाद के रूप में किया जाता है, जिससे पूरी तरह से जैविक खेती संभव हो पाती है। जैविक अपशिष्ट से बनी बायोगैस, खाना पकाने के लिए उपलब्ध सबसे व्यवहार्य, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल ईंधनों में से एक है। नाइट्रोजन से भरपूर उप-उत्पाद स्लरी, एक प्रभावी जैविक उर्वरक के रूप में प्रयोग की जाती है, जिससे रासायनिक पदार्थों पर निर्भरता कम होती है, लागत घटती है और मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है। इस प्रकार एक ही प्रयास से दोहरा लाभ प्राप्त होता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28